# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025







## खबर संक्षेप

### बिरनपुर हिंसा केस में आज होगी सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई

**रायपुर।** बिरनपुर हिंसा मामले में बुधवार को सीबीआई की विशेष अदालत में प्रमुख गवाह भागीरथी साहू ने उपस्थिति दर्ज कराई। हत्याकांड के ढाई वर्ष बाद भागीरथी गवाही देने कोर्ट में उपस्थित हुए। सीबीआई द्वारा धारा बढ़ाए जाने अर्जी लगाए जाने तथा प्रकरण में जमानत पर रिहा हुए आधा दर्जन आरोपियों की कोर्ट में उपस्थिति दर्ज कराने पर गवाही को कोर्ट ने एक दिन के लिए टाल दिया। प्रकरण की सुनवाई गुरुवार को होगी। इस दौरान कोर्ट ने सभी गवाहों को उपस्थित रहने निर्देश दिया है। बेमेतरा जिला के साजा विधानसभा के ग्राम बिरनपुर में बच्चों के आपसी विवाद के चलते 8 अप्रैल 2023 में दो समुदायों के बीच पथराव के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इसी विवाद के चलते भुनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस ने घटना के बाद 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। राज्य में भाजपा सरकार के गठन के बाद मामले की जांच सीबीआई के सुपुर्द किया गया। पिछले दिनों सीबीआई ने स्पेशल कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। इस हिंसा में साजा विधायक ईश्वर साहू (बाद में विधायक बने) के बेटे भुनेश्वर साहू की मौत हुई थी। सीबीआई ने हिंसा में 18 आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की थी।

### प्रबंधक, कंप्यूटर आपरेटरों की हड़ताल को सरकार ने बताया अवैधानिक

# हड़ताल अवैध, धान खरीदी 15 से ही, सरकार अब दूसरे विभाग के कर्मचारियों को करेगी तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी करने वाली सहकारी सोसाइटियों के प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल को राज्य सरकार ने अवैधानिक घोषित कर दिया है। इसके साथ ही दूसरे विभागों के अफसर कर्मियों को खरीदी के काम में लगाया जा रहा है। सरकार का ये दावा भी है कि खरीदी की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, 15 नवंबर से धान खरीदी की जाएगी। राज्य में सहकारी सोसाइटी कर्मियों की हड़ताल 3 नवंबर से लगातार जारी है। हड़ताल के कारण धान खरीदी की तैयारियों की व्यवस्था प्रभावित हुई है, लेकिन सरकार ने संकट से निपटने की तैयारी भी कर ली है। अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को तैनात किया जा

### सरकार ने कहा-धान खरीदी की तैयारियां पूरी, कर्मचारियों का किया इंतजाम



खास खबर

### कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पर एफआईआर, विरोध तेज

समितियों के संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और धमतरी की छाती सोसाइटी के प्रबंधक नरेंद्र साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले को लेकर आंदोलनकारियों में आक्रोश है। इसे लेकर उप पंजीयक धमतरी के खिलाफ महासंघ ने धरना प्रदर्शन किया है। इन लोगों ने विरोध में पैदल मार्च कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और एफआईआर करवाने वाले अधिकारी को निलंबित करने की मांग की है। हड़तालियों की ओर से कहा जा रहा है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो रायपुर धमतरी राष्ट्रीय राजमार्ग में चक्का जाम किया जाएगा और परिवार सहित जेल भरो आंदोलन करेंगे।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

इस पूरे मामले को लेकर राज्य शासन के सहकारिता विभाग ने राज्य के सभी संभागायुक्तों और कलेक्टरों के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि धान उपार्जन नीति वर्ष 2025-26 के तहत 15 नवंबर 2025 से प्रदेश में धान उपार्जन प्रारंभ किया जाना है। वर्तमान में समिति कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं, जिसके कारण समितियों में निर्धारित तिथि में धान खरीदी प्रारंभ किए जाने में कठिनाई उत्पन्न होने की संभावना है। इसीलिए धान उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत समिति कर्मचारियों के स्थान पर सुविधा अनुसार सहकारिता विभाग के वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारी निरीक्षक, सहकारिता विस्तार अधिकारी के अतिरिक्त अन्य विभागों जैसे राजस्व द्वारा कृषि विभाग आदि के साथ ही जिले में उपलब्ध अन्य विभाग के कर्मचारियों को समिति प्रबंधक का प्रभार सौंप कर धान उपार्जन को कार्य कराया जा सकता है। यह आदेश सहकारिता विभाग के सचिव ने जारी किया है।

### कर्मियों को बर्खास्त करने का आदेश

इधर हड़ताली कर्मियों को सेवा से बाहर करने का आदेश भी जारी किया गया है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित (समस्त) जिला बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को यह आदेश भेजा गया है। आदेश में कहा गया है कि सहकारी समिति में कार्यरत समस्त कर्मचारियों द्वारा 3 नवंबर से हड़ताल पर चले जाने के कारण समिति कार्यालय पूरी तरह बंद हैं, जिसके कारण कृषकों को रबी ऋण, खाद, बीज वितरण, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, अंकेक्षण तथा आगामी धान खरीदी की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार 13 नवंबर से डमी धान खरीदी एवं 15 नवंबर से धान खरीदी कार्य किया जाना है। प्राधिकृत अधिकारी को इस आदेश के माध्यम से कहा गया है कि 13 नवंबर को सायं 3 बजे तक समिति के समस्त कर्मचारियों को कार्य पर उपस्थित होने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जाये, अनुपस्थिति की स्थिति में प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटी के लिए सेवा नियम 2018 के तहत सेवा समाप्ति की कार्यवाही सुनिश्चित की जावे। यह आदेश एसके पैकरा सहायक आयुक्त सहकारिता बलरामपुर ने जारी किया है।

### धान खरीदी पर उदासीनता, किसानों के साथ छलावा : धनेन्द्र

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ किसान नेता धनेन्द्र साहू ने राज्य शासन पर धान खरीदी को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार का रवैया यह दर्शाता है कि उसमें किसानों से धान खरीदने की इच्छा ही नहीं है। प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्रों में तैयारी के नाम पर शून्यता है। न कहीं साफ-सफाई हुई है, न बिजली की समुचित व्यवस्था है, न बारदाना और न ही कांटे की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सभी धान खरीदी केंद्रों के दरवाजों पर आज भी ताले लटक रहे हैं।

#### अब तक जारी नहीं हुए टोकन

धनेंद्र साहू ने ये भी कहा है कि हर वर्ष धान खरीदी से पहले किसानों को ऑनलाइन टोकन जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाती थी, लेकिन इस वर्ष अब तक टोकन जारी करने वाला पोर्टल ही बंद है। वहीं, लाखों किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन बार-बार तारीख बढ़ाने के बावजूद अधूरा है, जिससे किसान बेहद परेशान हैं।



### तुहर टोकन मोबाइल एप शुरू

रायपुर। किसानों को धान बेचने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 'तुहर टोकन मोबाइल एप' प्रारंभ किया गया है। इस एप के माध्यम से किसानों को घर बैठे धान विक्रय के लिए टोकन की व्यवस्था उपलब्ध होगी, जिससे समितियों में लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी। यह मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप में किसानों को सर्वप्रथम आधार आधारित ओटीपी के माध्यम से पंजीयन करना होगा। किसान प्रतिदिन सुबह 8.00 बजे से इस ऐप के माध्यम से टोकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने जानकारी दी कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीमांत कृषक (2 एकड़ या 2 एकड़ से कम भूमि) को अधिकतम 1 टोकन, लघु कृषक (2 से 10 एकड़ तक) को अधिकतम 2 टोकन तथा दीर्घ कृषक (10 एकड़ से अधिक) को अधिकतम 3 टोकन प्रदान किये जायेंगे। नया टोकन बनाने के लिए समय-सीमा रविवार से शुक्रवार तक (प्रातः 8.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक) निर्धारित की गई है। जारी टोकन आगामी 7 खरीदी दिवसों के लिए मान्य रहेंगे।

#### एप से खरीदी होगी 70 प्रतिशत धान की

धान खरीदी केन्द्र की प्रतिदिन की खरीदी सीमा का 70 प्रतिशत हिस्सा मोबाइल एप के माध्यम से टोकन के लिए आरक्षित रहेगा। इस 70 प्रतिशत में से लघु एवं सीमांत कृषक के लिए 80 प्रतिशत तथा दीर्घ कृषक के लिए 20 प्रतिशत का आरक्षण किया गया है। उदाहरण स्वरूप यदि किसी उपार्जन केन्द्र की प्रतिदिन की खरीदी सीमा 1000 क्विंटल है, तो मोबाइल ऐप के लिए आरक्षित 700 क्विंटल में से 560 क्विंटल लघु एवं सीमांत कृषकों के लिए तथा 140 क्विंटल दीर्घ कृषकों के लिए आरक्षित रहेगा। शेष 30 प्रतिशत टोकन सोसाइटी स्तर पर भी किसानों के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिससे सभी वर्ग के किसानों को धान विक्रय के लिए सहज और सुगम व्यवस्था मिल सके।

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्त की नियुक्ति का रास्ता साफ, विरोध में लगी सभी याचिकाएं खारिज

बिलासपुर। बिलासपुर हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने मुख्य सूचना आयुक्त व आयुक्त की नियुक्ति के लिए तय किए गए मापदंड को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही नियुक्ति पर लगी रोक हट गई है। मामले की सुनवाई जस्टिस एनके व्यास के सिंगल बेंच में हुई।



दरअसल अनिल तिवारी सहित अन्य ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से राज्य शासन द्वारा सूचना आयुक्त के लिए 25 साल के अनुभव की अनिवार्यता को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि राज्य शासन द्वारा एक नई पात्रता आवश्यकता (25+ वर्ष का अनुभव) लागू करना मनमाना और नियम विरुद्ध है। चयन प्रक्रिया शुरू होने और आवेदन आमंत्रित करने के बाद, नई पात्रता मानदंड लागू करना कानूनन अनुचित है। याचिका में कहा गया कि राज्य शासन बिना किसी वैधानिक आधार के ऐसी कोई शर्त नहीं जोड़ सकता। सभी उम्मीदवारों को बदले हुए मानदंडों के बारे में सूचित करने के लिए कोई शुद्धिपत्र या नया विज्ञापन भी जारी नहीं किया गया, जिससे चयन प्रक्रिया में मूलभूत रूप से खामियां हैं। याचिकाकर्ताओं ने पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द करने या साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। हाईकोर्ट ने 29 मई 2025 को अगली सुनवाई तक अंतिम चयन प्रक्रिया आगे बढ़ाने से रोकते हुए स्टे दे दिया था।

### मनमाना या अवैध नहीं कहा जा सकता

जवाब में शासन की ओर से कहा गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 4 स्वीकृत पद है। इसमें मुख्य सूचना आयुक्त का एक (एक) और सूचना आयुक्तों (आईसी) के तीन पद है। इसमें से सूचना आयुक्तों के दो पद 20 मार्च 2024 को भरे गए थे। आईसी के पद को भरने के लिए, जो मई 2025 में खाली हो जाता, 04 मार्च .2025 को आवेदन आमंत्रित करते हुए एक विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापन में पहले से ही मानदंड उपलब्ध हैं और सर्च कमेटी द्वारा आवेदनों को सूचीबद्ध करने के लिए विचार किए गए मानदंड उक्त मानदंडों के अनुरूप हैं, इसलिए इसे मनमाना या अवैध नहीं कहा जा सकता है। इसके अलावा, ऐसे मानदंडों को निर्धारित करने में सर्च कमेटी के अधिकार को कोई चुनौती नहीं होने के कारण, इसके संबंध में कोई विवाद भी नहीं हो सकता।

### शॉर्टलिस्टिंग में कोई भी ऐसी अवैधता नहीं

हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद फैसले में कहा कि याचिकाकर्ताओं ने यह तर्क नहीं दिया है कि शॉर्टलिस्टिंग में सर्च कमेटी द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया दुर्भावना या मनमानी से ग्रस्त है या इसका तर्कसंगत या वस्तुनिष्ठ रूप से पालन नहीं किया गया है। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग करते समय सर्च कमेटी द्वारा कोई अवैधता की गई है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाया गया एकमात्र तर्क यह है कि सर्च कमेटी ने उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग करने से पहले शॉर्टलिस्टिंग के फैसले को प्रकाशित नहीं किया है। कोर्ट ने कहा कि राज्य शासन के विभागों ने अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग में कोई भी ऐसी अवैधता नहीं की है जिससे उनके द्वारा शुरू की गई संपूर्ण चयन प्रक्रिया दूषित हो। इसलिए सभी रिट याचिकाएं खारिज किए जाने योग्य हैं।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में विवाद, नियुक्त किए गए तीन प्रशासक

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ (हाईकोर्ट बार एसोसिएशन) चुनाव में विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल की विशेष समिति ने चुनाव पर स्थगन करते हुए तीन सीनियर अधिवक्ताओं को प्रशासक नियुक्त किया है।

- मतदाता सूची में उचित सुधार कर चुनाव कराने की जिम्मेदारी

यह प्रशासक मतदाता सूची में उचित सुधार कर चुनाव कराएंगे। काउंसिल ने वरिष्ठ अधिवक्ता एच बी अग्रवाल, राजकुमार अवस्थी एवं राजेश कुमार केशरवानी को प्रशासक नियुक्त किया है। नए चुनाव होने तक उन्हें संघ का संचालन करने व चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

परिषद के सचिव ने बुधवार को जारी सूचना में उच्च न्यायालय बिलासपुर के पदाधिकारियों के निर्वाचन के संबंध में परिषद को प्राप्त पत्रों से अवगत कराया गया। जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी अनूप मजूमदार एवं उप चुनाव अधिकारी बी. एन. नंदे एवं शिशिर दीक्षित द्वारा प्रेषित उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के सदस्य रजनीश बघेल एवं अन्य 230 का हस्ताक्षरित पत्र दिनांक 10.नवंबर .2025 की प्रति अवलोकनार्थ विशेष समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। इसमें कहा गया कि उपर्युक्त पत्रों के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के निर्वाचन हेतु प्रारंभिक मतदाता सूची जारी की लेकिन दावा आपत्ति प्राप्त होने के उपरांत निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुरूप अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन विधिवत रूप से नहीं किया जा सका। इसी बीच पूर्व निर्वाचित अधिवक्ता संघ का कार्यकाल 31 अक्टूबर 2025 को समाप्त हो गया। इसके फलस्वरूप उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ बिलासपुर के व्यवस्था संचालन के संदर्भ में शुन्य निर्मित हो गया। इसलिए व्यवस्था संचालन हेतु प्रशासक समिति का तत्काल गठन किया जाना अनिवार्य हो गया था।

### निर्वाचन कार्यक्रम तय करें

उपरोक्त प्रशासक समिति उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के निर्वाचन तक संघ का सुचारू रूप से व्यवस्था संचालन करेगी। इसके लिए प्रस्ताव पारित किया गया कि निर्वाचन कार्यक्रम के बाधित हो जाने एवं अंतिम मतदाता सूची के संबंध में विवाद हो जाने के कारण संघ के पदाधिकारियों के निर्वाचन को स्थगित किया जाता है। प्रशासक समिति को शीघ्रातिशीघ्र मतदाता सूची के विवाद को नियमानुसार निराकृत कर शीघ्रातिशीघ्र हाईकोर्ट अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के निर्वाचन कार्यक्रम तय कर परिषद को सूचित करने का निर्देश दिया गया है।

### रोड डिवाइडर पोल में होर्डिंग लगाया, जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 3 अमले ने बुधवार को विज्ञापन बोर्ड चस्पा कर शासकीय संपत्ति का विरूपण करने वाले 4 संस्थानों पर नोटिस देकर जुर्माना किया। ये बोर्ड रोड डिवाइडर के स्ट्रीट पोल पर लगाए गए थे। इनमें समृद्धि अटलांटिस, नीलिया अपार्टमेंट, रेवोल्यूशन एंड डांस एकेडमी, मीनल एस सेलून के संबंधित संचालकों से 22 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। प्रक्रिया के तहत उन्हें नोटिस जारी कर भविष्य में इस तरह की गलती दोबारा न दोहराने की हिदायत भी दी गई है। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 3 के नगर निवेश विभाग की टीम ने कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता नरेश साहू और उप अभियंता अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में रोड डिवाइडर के स्ट्रीट पोल पर अवैध प्रचार विज्ञापन चस्पा कर शासकीय संपत्ति विरूपण किए जाने वाले संस्थानों पर कड़ाई बरती।

## आईआईटी छात्र की मौत मेडिकल अफसर सस्पेंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हरिभूमि फॉलोअप

मंगलवार की सुबह भिलाई स्थित आईआईटी के छात्र सोमिल साहू के मौत मामले में मेडिकल अफसर को सस्पेंड कर दिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक डॉ अतुल प्रकाश श्रीवास्तव आईआईटी में मेडिकल अफसर के रुप में पदस्थ है। छात्र सोमिल के उपचार मामले में लापरवाही बरतने पर डॉ. अतुल को सस्पेंड किया गया है। स्टूडेंट्स और प्रोफेसर्स ने बुधवार शाम को कैंडल मार्च निकाला। घटना 11 नवंबर की सुबह आईआईटी कैंपस में सौमिल साहू की अचानक तबियत बिगड़ी थी उसके बाद उसे सुपेला स्थित निजी अस्पताल में लाया गया था। जहां डॉक्टर ने चेक कर मृत घोषित कर दिया। सोमिल को मिर्गी होने का भी दावा किया जा रहा था लेकिन परिजनों ने ऐसी कोई बीमारी नहीं होने की जानकारी दी थी। सोमिल के मौत को लेकर आईआईटी के छात्रों ने रात 12 बजे से 2 बजे तक कैम्पस में जमकर हंगामा किया था। प्रबंधन से व्यवस्थाओं की कमी को लेकर छात्रों ने आक्रोश जताया। छात्रों का कहना था कि यहां पर आज तक कोई व्यवस्था नहीं है। पांचवां दीक्षांत समारोह तो मना लिया, लेकिन छात्रों की सुरक्षा को लेकर कोई व्यवस्था नहीं है।

### वास्तविक कारणों को जानने हो जांच

मृतक सौमिल साहू के पिता वीरेंद्र साहू ने बताया 10 नवंबर को उसे बुखार आया था। 11 नवंबर की सुबह भिलाई निवासी भांजा दामाद को कॉल कर उसे देखने के लिए भेजा। उसने निजी अस्पताल सुपेला में भर्ती कराया था। लेकिन सौमिल पूरी तरह स्वस्थ था। उन्होंने कहा कि घटना के वास्तविक कारण की अच्छी तरह से जांच होनी चाहिए।






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


24 अक्टूबर को शासकीय स्तर पर हुई थी 14 की सर्जरी, दो दिन बाद 9 की आंखों में दर्द और सूजन

*बीजापुर अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर किए गए मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद 9 मरीजों को आंखों से दिखना बंद हो गया। संक्रमण की वजह से सूजन और दर्द की शिकायत के बाद उन्हें इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल लाया गया है। विभागीय लापरवाही का शिकार होने वालों में 8 महिलाएं और 1 पुरुष मरीज है। प्रारंभिक जांच में इंफेक्शन का पता लगने के बाद सूजन कम करने इलाज शुरू किया गया है।*

जांच टीम गुरुवार को बीजापुर जाकर वस्तुस्थिति का पता लगाएगी

## प्रारंभिक जांच में आंखों में सूजन, नेत्र विभाग में शुरू हुआ 8 महिला और एक पुरुष मरीज का इलाज




# मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद आंखों में संक्रमण 9 मरीजों को दिखना हुआ बंद, रायपुर शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/जगदलपुर

बीजापुर के शासकीय अस्पताल में अंधत्व निवारण अभियान के तहत 24 अक्टूबर को शिविर लगाकर 14 लोगों की आंखों का ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के सप्ताहभर बाद नेत्र चिकित्सा अधिकारियों की टीम जब मरीजों के घर फालोअप लेने पहुंची, तो दो लोगों ने आंखों से कम ▶▶|शेष पेज 6 पर




### दंतेवाड़ा में 13 की आंखों में हुआ था इंफेक्शन

सालभर पहले बीजापुर की तरह दंतेवाड़ा के शिविर में ऑपरेशन कराने वाले 13 लोगों की आंखों में इंफेक्शन हो गया था। उन्हें भी इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल लाया गया था। कुछ मरीजों को पूरी तरह दिखना ▶▶|शेष पेज 6 पर

### तीन सदस्यीय जांच कमेटी

*आयुक्त सह संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की है। यह टीम नेत्र आपरेशन में आई जटिलता के कारणों की जांच एवं घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रकरण की जांच करेगी। इस टीम में राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि अत्रिवाल, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग डॉ. महेश साण्डिया तथा नेत्र सर्जन जिला चिकित्सालय जगदलपुर डॉ. सरिता थॉमस शामिल हैं। यह जांच समिति तीन दिन में अपनी जांच रिपोर्ट को आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के समक्ष प्रस्तुत करेगी।*

### इन्हें लाया गया अस्पताल

*बीजापुर से मरीजों को आंखों में शिकायत के बाद आंबेडकर अस्पताल लाया गया है। इनमें ग्राम तर्रेम निवासी अवलम डोग्गा (56), टीमापुर की पुनेम जिम्मो (62), मडियम मासे (67), तर्रेम की अलवम कोवे (52), टीमापुर की अलवम पोज्जे (70), बुधनी डोढ़ी (60), पदम शन्ता (54), टिमीदी की पेड्डु लक्ष्मी (62) और तर्रेम का अलवम सोमे (70) शामिल हैं। इन्हें आंबेडकर अस्पताल के नेत्र विभाग में पृथक वार्ड में इलाज के लिए रखा गया है। चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर ने बताया कि विभागाध्यक्ष डा. निधि पांडे के नेतृत्व में नेत्र विशेषज्ञों की टीम उनकी जांच और आवश्यक इलाज कर रही है।*


आनंद का सच्चा भाव®

18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹91622/-

22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹111900/-

24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹122150/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

anand Jewels Pandri, Raipur


## जांच एजेंसियों की पूछताछ में खुलने लगे कई राज, डॉक्टर उमर की मां का हुआ डीएनए टेस्ट

### लाल किले के पास धमाके को सरकार ने माना आतंकी हमला

# दिल्ली ब्लास्ट आतंकी हमला, बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर थी धमाके की साजिश!

*दिल्ली धमाके मामले में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस ने अब तक 6 डॉक्टर, दो मौलवी समेत 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि धमाके की पूरी साजिश फरीदाबाद स्थित अल फलह यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग नंबर 17 के कमरा नंबर 13 में रची गई थी। जनवरी से धमाके की तैयारी की जा रही थी। जांच एजेंसियों के मुताबिक विस्फोटक कार चलाने वाला डॉक्टर उमर नबी असल में 6 दिसंबर यानी बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी के दिन बड़ा धमाका करने की साजिश रच रहा था।*



- अल फलह यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग नंबर 17 में रची गई साजिश
- अब तक 6 डॉक्टर, दो मौलवी समेत 18 आरोपी गिरफ्तार
- डॉ. मुजम्मिल ने लाल किला क्षेत्र की टोह ली थी, तुर्किये भी गया था उमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच एजेंसियों के अनुसार, विस्फोटक कार चलाने वाला डॉक्टर उमर नबी असल में 6 दिसंबर यानी बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी के दिन बड़ा धमाका करने की साजिश रच रहा था, लेकिन साथी की गिरफ्तारी के बाद घबराहट में वह कार लेकर घूमता रहा और धमाका समय से पहले हो गया। जांच में सामने आया कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा का रहने वाला 28 वर्षीय डॉक्टर उमर नबी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### कब, कैसे बनी थी आतंकी कड़ी

उमर और गनई 2021 में तुर्किये गए थे, जहां उन्होंने जैश के कुछ ओवरग्राउंड वर्करों से मुलाकात की थी। लौटने के बाद दोनों ने फरीदाबाद के अल-फलाह यूनिवर्सिटी परिसर में अमोनियम नाइट्रेट, पोटैशियम नाइट्रेट और सल्फर जैसे विस्फोटक जुटाने शुरू कर दिए थे।

### घायलों से मिले पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विस्फोट में घायल लोगों से बुधवार को एलएनजेपी अस्पताल में मुलाकात की। उन्होंने कहा अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली में बम विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने एलएनजेपी अस्पताल गया। सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इस साजिश के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा! भूटान से वापस आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए सीधे एलएनजेपी अस्पताल गये।

### आतंकियों की दूसरी कार फरीदाबाद में मिली

पुलिस ने आशंका जताई थी कि दिल्ली धमाके में शामिल आतंकियों के पास एक नहीं, बल्कि दो कारें थीं। लाल रंग की इस फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का नंबर डीएल-10 सीके 0458 है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को इसकी तलाश के लिए दिल्ली के साथ पड़ोसी राज्यों यूपी और हरियाणा में अलर्ट जारी किया गया था। अलर्ट जारी होने के बाद बुधवार शाम को ही कार को हरियाणा के खंदावली गांव के पास से बरामद किया गया है। यह कार डॉ. उमर उन नबी के नाम पर रजिस्टर्ड है।




### कैबिनेट की बैठक में टेरर अटैक का प्रस्ताव पारित

केंद्र सरकार ने दिल्ली कार ब्लास्ट को आतंकी हमला माना है। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लाल किला के पास हुए टेरर अटैक पर प्रस्ताव पारित किया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रस्ताव पढ़ते हुए कहा- मंत्रिमंडल ने इस आतंकी घटना को 'राष्ट्र-विरोधी ताकतों ने अंजाम दिया गया जघन्य कृत्य' बताया। जांच एजेंसियों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति है।

### महबूबा ने कहा- हमारी कौम फिर बदनाम हो गई

इधर, पीडीपी प्रमुख मुफ्ती ने कहा, दिल्ली कार ब्लास्ट में यदि हमारे पढ़े लिखे युवा और डॉक्टर शामिल हैं तो ये हमारी कौम के लिए परेशानी की बात है। इस घटना से हमारी कौम फिर बदनाम हो गई। साथ ही उन्होंने दिल्ली कार विस्फोट की घटना की निंदा की और कहा जो दिल्ली में हुआ, हम आपसे ज्यादा उस तकलीफ को समझते हैं। क्योंकि हमने ये खून खराबा बहुत सालों से नजदीक से देखा है।

## खबर संक्षेप

### पुराने विधानसभा भवन में 18 को एक दिवसीय सत्र

**रायपुर।** पुराने विधानसभा भवन में विधानसभा का एक दिवसीय सत्र 18 नवंबर को आहूत किया गया है। विधानसभा सचिवालय से जारी सूचना में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्षों की संसदीय यात्रा पर केंद्रित विषयों पर इस दौरान चर्चा होगी। यह कहा जा रहा है कि पुराने विधानसभा भवन से बिदाई को लेकर इस सत्र का आयोजन किया जा रहा है। नए विधानसभा भवन के लोकार्पण के बाद वहां पर शीतकालीन सत्र का आयोजन दिसंबर में होने की संभावना है।

### ईरानी अभिनेता इरशादी का निधन

**नई दिल्ली।** साल 2007 में आई हॉलीवुड फिल्म 'द काइट रनर' में अपनी भूमिका के लिए दुनियाभर में पहचाने गए ईरानी अभिनेता हुमायूं इरशादी का 78 साल की उम्र में निधन हो गया है।

### बालोद जिले में पकड़ाया वाहन, दो गिरफ्तार

# कार के गुप्त चेंबर में मिले 3 करोड़ रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुप्त चेंबर बनाकर कार में ले जाए जा रही भारी-भरकम नकदी को पुलिस ने पकड़ा है। नोटों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि पुलिस को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से नोट गिनने वाली मशीन मंगानी पड़ी। गणना करने पर 3 करोड़ रुपए बरामद किए गए हैं। प्रकरण की सूचना आयकर विभाग को दे दी गई है।इसके साथ ही आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग के अधिकारीगण को जांच में सम्मिलित किया गया है।

- नोट गिनने एसबीआई से मंगानी पड़ी मशीन, आयकर विभाग जांच में जुटी

पुलिस को 12 नवम्बर को सुबह करीब 8 बजे सूचना मिली कि एक ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ड्राइवर सीट के नीचे बना था गुप्त चेंबर

*वाहन में एक चालक एवं एक सहयात्री सवार पाए गए। वाहन की गहन तलाशी के दौरान ड्राइवर सीट के नीचे एक गुप्त कक्ष (सीक्रेट चेंबर) पाया गया, जो बंद अवस्था में था। संदेहास्पद स्थिति को देखते हुए वाहन को थाना परिसर लाया गया और दो स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में तहसीलदार को बुलाकर आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की गई। तहसीलदार एवं गवाहों की मौजूदगी में गुप्त कक्ष का ताला खोलकर निरीक्षण करने पर उसमें भारी मात्रा में नकदी प्राप्त हुई।* ▶▶|शेष पेज 6 पर

### वीडियोग्राफी की गई

नकदी की सत्यता एवं सटीक गणना के लिए भारतीय स्टेट बैंक से नोट गिनने की मशीन एवं बैंक अधिकारी को बुलाया गया। बैंक अधिकारी की उपस्थिति में नकदी की गिनती की गई है, जिसकी संपूर्ण वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी कराई गई ताकि संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। कोतवाली थाना बालोद में 106 एवं 182 क (4) एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों में पटेलवास सुण्डिया थाना भटनागर जिला महेसाना गुजरात निवासी पटेल अलपेश कुमार पिता दशरथ भाई (49) व न्यू श्रीनाथ काम्पलेक्स सी–203 मीरा भयंदर रोड ठाणे जिला ठाणे (महाराष्ट्र) वर्तमान पता पनवल, करंजडे नवी मुंबई निवासी अशोक गाड़गे पिता सखाराम गाड़गे ▶▶|शेष पेज 6 पर

# महंगाई से राहत, खाने-पीने की चीजें हुईं सस्ती!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आम लोगों को महंगाई के मोर्चे पर बड़ी राहत मिली है। दरअसल, देश में महंगाई दर में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। सरकार ने बुधवार को अक्टूबर महीने का कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी महंगाई दर का डेटा जारी किया। अक्टूबर में महंगाई घटकर सिर्फ 0.25 फीसदी पर आ गई, जो साल 2012 के बाद से सबसे कम है। सितंबर में यह दर 1.44 फीसदी थी। महंगाई में यह गिरावट मुख्य रूप से खाने-पीने की चीजों के दाम घटने की वजह से आई है। फूड इंडेक्स अक्टूबर में -5.02 फीसदी पर रहा, जबकि सितंबर में यह -2.3 फीसदी था यानी अनाज, सब्जियों और तेल जैसी जरूरी चीजों के दामों में और राहत मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई दर अक्टूबर में -4.85 फीसदी रही है। इस दौरान शहरी क्षेत्रों में खाद्य महंगाई दर -5.18 फीसदी रही है।

### साल-2012 के बाद से सबसे कम महंगाई



### आरबीआई को महंगाई 2 फीसदी से 6 फीसदी के भीतर रखने की जिम्मेदारी

सरकार ने आरबीआई को खुदरा महंगाई 4 फीसदी पर रखने की जिम्मेदारी दी है। इसमें 2 फीसदी का घट-बढ़ हो सकता है। इसका मतलब कि अगर महंगाई 2 से 6 फीसदी के भीतर रहती है, तो आरबीआई के लिए ज्यादा परेशानी नहीं रहती।

### जीएसटी रिफॉर्म का भी असर

महंगाई में आई गिरावट के पीछे जीएसटी रिफॉर्म का भी अहम रोल रहा है। हाल ही में जीएसटी दरों में किए गए बदलाव और खाने-पीने की चीजों पर टैक्स में कटौती से कई जरूरी सामान सस्ते हुए हैं। बता दें कि देश में 22 सितंबर, 2025 से नए जीएसटी रिफॉर्म लागू किए गए हैं, जिनका असर अब खुदरा कीमतों में दिखने लगा है।

### महंगाई दर -0.25 फीसदी रही

ग्रामीण क्षेत्र में महंगाई दर अक्टूबर में -0.25 फीसदी रही है, जबकि सितंबर में यह 1.07 फीसदी थी। वहीं, शहरी क्षेत्र में महंगाई दर 0.88 फीसदी रही है, जबकि सितंबर में यह 1.83 फीसदी थी। अक्टूबर में ट्रांसपोर्ट और कम्युनिकेशन में महंगाई दर अक्टूबर में 0.94 फीसदी रही है, जो कि सितंबर में 1.82 फीसदी थी। फ्यूल एंव लाइट में महंगाई दर अक्टूबर में 1.98 फीसदी रही है, सितंबर में भी यह 1.98 फीसदी पर रही थी।

## जिला मुख्यालय बीजापुर लाया गया शव

# मुठभेड़ में मारी गई उर्मिला पर था 16 लाख का ईनाम, चार शवों की अभी पहचान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





मंगलवार को नेशनल पार्क एरिया में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में मारे गए मोस्ट वांटेड नक्सली लीडर पापा राव की पत्नी डीवीसीएम उर्मिला व मद्देड़ एरिया कमेटी इंचार्ज डीवीसीएम कन्ना बुच्चना पर 8-8 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। वहीं मुठभेड़ में मारे गए अन्य चार नक्सलियों की शिनाख्त जारी है।

हरिभूमि फॉलोअप

आईजी सुदंरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों डीवीसीएम पर उनके पद के अनुसार 8-8 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। मुठभेड़ में मारे गए अन्य नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है। मारे गए वर्दीधारी तीन महिला व तीन पुरुष माओवादियों की शिनाख्त के बाद मुठभेड़ का खुलासा गुरूवार को बीजापुर में ▶▶|शेष पेज 6 पर

### चार दिन से चल रहा था सर्च अभियान

*गौरतलब है कि नेशनल पार्क इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर पिछले चार दिन से डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा व एसटीएफ की संयुक्त टीम सर्चिंग अभियान चला रही थी। वहीं मंगलवार को मुठभेड़ के बाद भागे हुए नक्सलियों की तलाश में डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाइटर, सीआरपीएफ व सीएएफ की* ▶▶|शेष पेज 6 पर

## धर्मेंद्र के लिए घर पर बना आईसीयू वॉर्ड

# खुद कार चलाकर 'वीरू' से मिलने पहुंचे 'जय'

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को बुधवार सुबह दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब वह घर पर ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करेंगे। उनके घर पर आईसीयू बेड का इंतेजाम किया गया है। धर्मेंद्र का हाल जानने के लिए अमिताभ बच्चन भी उनके घर पर पहुंचे हैं।





अमिताभ बच्चन यहां खुद कार चलाकर पहुंचे हैं। धर्मेंद्र (89) को थोड़े दिन ▶▶|शेष पेज 6 पर


जैन चुस्की चाय

## सार्वजनिक सूचना

माननीय वाणिज्यिक न्यायालय – 01, रोहिणी, नई दिल्ली

वाद संख्या : CS (COMM) 681/2024

विषय : Yashwant Jain बनाम Hemant Kumar Goyal एवं अन्य आदेश दिनांक : 03 नवम्बर 2025

समस्त व्यापारीगणों को सूचित किया जाता है कि "JAIN CHUSKI" एक पंजीकृत ट्रेडमार्क (Registered Brand) है, जो याचिकाकर्ता श्री यशवंत जैन के विधि सम्मत स्वामित्व में है।

माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 03.11.2025 को पारित आदेश के अनुसार, प्रतिवादीगण Hemant Kumar Goyal एवं अन्य, उनके कर्मचारियों, एजेंटों या प्रतिनिधियों को यह निर्देशित किया गया है कि वे किसी भी रूप में "GOYAL CHUSKI CHAI", या उनसे मिलते-जुलते किसी भी नाम, ब्रांड, लेबल, पैकिंग या ट्रेड ड्रेस का उपयोग, निर्माण, विक्रय, वितरण, विज्ञापन या प्रचार न करें।

यह आदेश "JAIN CHUSKI" ब्रांड के वैधानिक अधिकारों, प्रतिष्ठा एवं ट्रेडमार्क की सुरक्षा हेतु पारित किया गया है।

अतः आम जनता को सावधान किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था उपरोक्त निषिद्ध या मिलते-जुलते नामों से उत्पाद बनाते, बेचते या प्रचारित करते पाया जाता है, तो वह माननीय न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करेगा और उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई (Legal Action) किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

अधिवक्ता - मुबीना खान
मो. 95847-67999

## चिंतन

# महंगाई पर लगातार दूसरी बार आई अच्छी खबर

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल के बीच महंगाई के मोर्चे पर देश के लिए बड़ी अच्छी खबर है। लगातार दूसरी बार खुदरा महंगाई से राहत मिली है, जिससे आम आदमी का जीवन सरल होगा। अक्टूबर में रिटेल महंगाई 0.25 फीसदी के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। इसका कारण खाने-पीने की चीजों की कीमतों में कमी है। ये वर्तमान सीपीआई सीरीज में अब तक की सबसे कम महंगाई है। ये करीब 14 साल का निचला स्तर है। इससे पहले सितंबर में ये 1.44 प्रतिशत पर थी। भारत में सीपीआई की मौजूदा सीरीज 2012 के बेस ईयर पर बेस्ड है। मतलब, 2012 की कीमतों को 100 मानकर तुलना की जाती है। पहले 2010 या 1993-94 वाली सीरीज थीं, लेकिन समय के साथ अपडेट होती रहती है ताकि आंकड़े सही रहें। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी। इसका दूसरा कारण रिजर्व बैंक के प्रयास भी हैं। बैंक अपनी मौद्रिक नीतियों में बदलाव करके लगातार महंगाई पर काबू रखने के जतन कर रहा था, जिसका असर दिखने लगा है। यह पिछले आठ सालों में सबसे कम महंगाई दर है। साल 2017 में महंगाई का आंकड़ा 1.46 था। हमारी अर्थव्यवस्था पर इसका शानदार प्रभाव दिखाई देगा, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह कि क्या भविष्य में महंगाई दर ऐसी ही रह पाएगी। इसके लिए जरूरी है कि इस पर गहरी निगरानी रखनी होगी। इस साल मानसून के दौरान उतरी भारत में अच्छी बरसात, जलाश्यों में भरपूर पानी की उपलब्धता और ज्यादा बिजाई के कारण फसल बेहतर होने की उम्मीद है। इसका असर भी महंगाई पर दिख सकता है, लेकिन खाद्य तेल की महंगाई में अभी भी वो कमी नहीं आई है, जिसकी दरकार है। हां, सब्जी, फल जरूर सस्ते हुए हैं। महंगाई के बास्केट में लगभग 50 फीसदी योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 2.28 प्रतिशत से घटकर माइनस 5.02 हो गई है। सितंबर महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.07 से घटकर माइनस 0.25 फीसदी हो गई है। वहीं, शहरी महंगाई 1.83 से घटकर 0.88 प्रतिशत पर आ गई है। इसमें कोई दोराय नहीं कि देश के आम नागरिक के जीवन स्तर में सुधार के लिए महंगाई पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। अगर वे ज्यादा खरीददारी कर पाएंगे, तभी इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था पर दिखाई देगा। हां, मुद्रास्फीती की नरमी केवल आंकड़ों में नहीं, बाजारों में भी दिखाई देनी चाहिए। जीएसटी में सुधार के बाद आम जनमानस को महंगाई से राहत तो है, लेकिन अब भी कुछ चीजें ऐसी हैं। जो आम आदमी को महंगी लगती हैं। दूसरी बात ये भी कि अनेक ऐसी वस्तुएं भी हैं, जिन्हें जीएसटी सुधार के बाद कुछ समय के लिए सस्ता तो किया गया, लेकिन उनके दाम कुछ ही दिनों बाद फिर वहीं पहुंच गए। सरकार को इस पर कड़ी निगरानी रखने की जरूर है कि हर सुविधा का पूरा लाभ आम आदमी तक पहुंचे। तभी इसका फायदा आम आदमी और देश की अर्थव्यवस्था को मिल पाएगा।



**दिल्ली बम विस्फोट**
विकेश कुमार बडोला

# दोबारा उग आई आतंकी विषबेल

> राजधानी दिल्ली स्थित लाल किला के समीप से जा रही एक कार में अति तीव्र ध्वनि के साथ एक विस्फोट हुआ और देखते-देखते 12 लोगों की भयंकर दु:खद मृत्यु हो गई। पूरे चौदह वर्ष बाद भारत के अंदर बम धमाका हुआ। यह वास्तव में तब अप्रत्याशित प्रतीत होता है, जब वर्तमान केंद्रीय शासन ने आतंकवाद के संबंध में शून्य सहनशीलता की नीति पर चलते हुए आतंक को नियंत्रित करने के लिए अनेक कार्य किए हैं। केंद्रीय शासन ने न केवल भारत, अपितु विदेशों में भी आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए अनेक गुप्त एवं प्रकट अभियान चलाये हैं, जिनमें उसे अपेक्षित सफलता भी मिली है। इन परिस्थितियों में दुनिया से इस्लामी आतंक कभी समाप्त हो सकता है।

एक दशक से अधिक समय के बाद राजधानी दिल्ली बम विस्फोट से पुनः अस्थिर हो उठी है। 10 नवंबर को संध्याकाल 6.52 बजे दिल्ली स्थित लाल किला के समीप से जा रही एक कार में अति तीव्र ध्वनि के साथ एक विस्फोट हुआ और देखते-देखते 12 लोगों की भयंकर दुःखद मृत्यु हो गई। इस विस्फोटक घटना में करीब दो दर्जन लोग गंभीर रूप में घायल हैं। जिस स्थान पर विस्फोट हुआ, वहां संध्याकाल में प्रायः भीड़ होती है। विस्फोट के बाद पास खड़े 11 वाहनों में भयंकर आग लग गई।

घटनास्थल की त्वरित जांच करने के बाद दिल्ली पुलिस ने उस आई-20 कार के स्वामी को अभिरक्षा में ले लिया, जिसमें विस्फोट हुआ था। कार मालिक का नाम मोहम्मद सलमान है। उसने बताया कि उसने यह कार ओखला के देवेंद्र नामक व्यक्ति को बेची और बाद में यह कार अंबाला के किसी रहवासी को बेच दी गई। संध्या समय लाल किला में बम धमाका होने से पहले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र हरियाणा के फरीदाबाद सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से तीन मुस्लिम चिकित्सक और आठ अन्य लोगों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। इनसे 2900 किलो विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार इन लोगों को अभिरक्षा में लेने के बाद जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले हुए जैश-ए-मोहम्मद व आईएस से जुड़े अंसार गजवातुल हिंद के आतंकवादी तंत्र और इसकी संभावित आतंकी गतिविधियों का खुलासा हुआ है। जिस कश्मीरी चिकित्सक को पकड़ गया है, उसका नाम मुजम्मिल गनी है। इसके साथ ही लखनऊ की चिकित्सक शाहीन को भी पकड़ा गया है। शाहीन की कार से एके-47 राइफल मिली है। गृहमंत्री अमित शाह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद वक्तव्य दिया है कि घटना की हर कोण से सघन जांच की जाएगी।

दिल्ली ही नहीं, जम्मू-कश्मीर एवं अन्य सीमांत क्षेत्रों को छोड़कर देश के अंदर किसी भी महानगर या नगर में गत 14 वर्षों से कोई बम धमाका नहीं हुआ था। दिल्ली में हुए पुराने बम धमाकों एवं आंतकी गतिविधियों के आंकड़ों पर दृष्टिपात करें तो 25 मई 1996 को लाजपत नगर सेंट्रल मार्किट में हुए धमाके में 16 लोग मारे गये थे। इसके बाद 10 अक्टूबर 1997 को शांतिवन कौरिया पुल किंग्जवे कैंप के धमाके में 1 व्यक्ति की मृत्यु हुई। 18 अक्टूबर 1997 को रानी बाग मार्किट में भी धमाके ने 1 वयक्ति की जान ली। लाल किला क्षेत्र में 30 नवंबर 1997 को हुए धमाके में 3 मौतें हुईं। फिर 30 दिसंबर 1997 को पंजाबी बाग बम विस्फोट में 4 मौतें हुईं, 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर बड़ा आतंकी हमला हुआ था। इसमें नौ 9 सुरक्षा कर्मी मारे गये थे। सबसे बड़े बम विस्फोट 29 अक्टूबर 2005 को सरोजिनी नगर, पहाड़गंज व गोविंदपुरी कुल तीन स्थानों पर हुए, जिनमें 62 लोग मारे गये थे। 13 सितंबर 2008 को गफ्फार मार्किट, बाराखंभा, ग्रेटर कैलाश में हुए विस्फोटों में 25 मौतें हुईं और आखिरी बम धमाका 7 सितंबर 2011 को दिल्ली उच्च न्यायालय में हुआ था, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद कल 10 नवंबर को पूरे चौदह वर्ष बाद भारत के अंदर बम धमाका हुआ। यह वास्तव में तब अप्रत्याशित प्रतीत होता है, जब वर्तमान केंद्रीय शासन ने आतंकवाद के संबंध में शून्य सहनशीलता की



नीति पर चलते हुए आतंक को नियंत्रित करने के लिए अनेक कार्य किए हैं। केंद्रीय शासन ने न केवल भारत, अपितु विदेशों में भी आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए अनेक गुप्त एवं प्रकट अभियान चलाये हैं, जिनमें उसे अपेक्षित सफलता भी मिली है। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवादियों के तंत्र को ध्वस्त करने का सर्वाधिक सफलतम एवं उल्लेखनीय अभियान चलाया गया, जिसके संरक्षण में उतरे पाकिस्तान को भी भारत का गंभीर सैन्य आघात झेलना पड़ा। हालांकि ऐसा नहीं था कि 7 सितंबर 2011 के बाद भारत की राजधानी दिल्ली सहित महानगरों एवं नगरों में आतंकियों ने अपनी हरकतों को अंजाम देने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। पाकिस्तान, बांग्लादेश सहित अनेक शत्रु देशों ने भारत के विरुद्ध अपने-अपने यहां पाले गए आतंकवादियों के माध्यम से अनेक आतंकी अभियान चलाये, किंतु भारतीय रक्षा-सुरक्षा एजेंसियों ने उन्हें घटित होने से पहले ही ध्वस्त कर दिया था। छह-सात माह पूर्व राम मंदिर परिसर तथा कुंभ मेले में भी विभिन्न आतंकी गिरोह हिंदू तीर्थयात्रियों की भीड़ में बड़ा बम विस्फोट करने का षड्यंत्र कर रहे थे, किंतु देश की सुरक्षा एजेंसियों ने उनके इरादों को अमल में आने से पहले ही रोक दिया था।

वर्तमान केंद्र शासन के सत्तारूढ़ होने के बाद देश में अनेक आतंकवादियों एवं इनके देशी-विदेशी तंत्रों का खुलासा हुआ है तथा अपेक्षित ढंग से इनका सफाया भी किया गया है। किंतु दिल्ली में बम विस्फोट होने और कई राज्यों में भारत के विरुद्ध आतंकी षड्यंत्रों में संलिप्त आतंकवादियों के पकड़े जाने के उपरांत यही सिद्ध होता है कि आतंकवाद की मूल जड़ तक पहुंचकर उसे काटने की दिशा में न तो वर्तमान भारतीय केंद्र शासन और ना ही दुनिया के देशों के शासन कुछ विशेष प्रयास कर रहे हैं। घुसपैठ पर केंद्र से लेकर राज्य शासन तक केवल कोरे वक्तव्य दिये जा रहे हैं किंतु ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी मुसलिम घुसपैठियों एवं इनके राजनीतिक संरक्षकों की धरपकड़ नहीं हुई और न हो रही है। आतंक के मूल में इस्लामी मजहब के वे सिद्धांत हैं, जो मदरसों में बैठे मुस्लिम बच्चों से लेकर पढ़े-लिखे मुस्लिम आतंकवादियों के मन-मस्तिष्क में यही धारणा बनाये बैठे हैं कि दुनिया में केवल और केवल इस्लाम की स्थापना होनी चाहिए और मुसलमानों के अतिरिक्त किसी अन्य धर्म का कोई अनुयायी जीवित न रहे। जब तक भारत के कर्ताधर्ता इस मुस्लिम सिद्धांत एवं धारणा को केंद्र में रखकर भारत व भारतीयता के हित में तात्कालिक रूप में अप्रिय लगने वाले कुछ कठोर कार्यकारी निर्णय नहीं लेंगे, तब तक एक-दो दशकों तक आतंक पर व्यावहारिक नियंत्रण तो लगाया जा सकता है, किंतु जैसे ही सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में कमी होगी तो फिर दिल्ली जैसे धमाकों की पुनरावृत्ति भी अवश्य होती रहेगी। ऐसा तब तक होता रहेगा जब तक इस्लामी मजहब के एक-एक प्रतीक को ध्वस्ताधूत नहीं कर दिया जाता। इस हेतु संविधान की प्रस्तावना बहुसंख्यक हिंदुओं तथा उनकी धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप परिवर्तित करनी ही होगी। ऐसा करे बिना देशी-विदेशी कोई भी शासन, कितना ही श्रेष्ठ शासन हो, वह कभी भी मुस्लिम आतंकवाद एवं इसके कारण उत्पन्न होने वाली आतंकी गतिविधियों पर कभी भी नियंत्रण नहीं लगा सकता।

जब भारत की दिल्ली आतंकी बम धमाका से गूंज रही है, दुःखद है कि उसी समयावधि में वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल व्हाइट हाउस में आईएस के खुद अमेरिका द्वारा घोषित ईनामी आतंकी और अब सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शरा का स्वयं ट्रंप गर्मजोशी से स्वागत कर रहे हैं। क्या इन परिस्थितियों में दुनिया से इस्लामी आतंक कभी समाप्त हो सकता है? यह प्रश्न भारत के शासकों को बारंबार स्वयं से पूछना चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार एवं प्रकृति चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत
राजेंद्र बज



# राजनीति में अनावश्यक टकराव को टालना चाहिए

लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चलते यह बहुत स्वाभाविक है कि नेतृत्व की कार्यशैली पर टीका टिप्पणी की जाए। लेकिन विषय विशेष को लेकर नेतृत्व के प्रति व्यक्त की गई सहमति को अंधभक्ति करार देना कतई उचित नहीं कहा जा सकता। एक अरसे से मीडिया के अलग-अलग अंगों में नेतृत्व के प्रति विश्वास को अंधभक्ति के रूप में परिभाषित किया जा रहा है। अपितु समर्थन या विरोध को अलग-अलग शब्दावली में निरूपित किया जा रहा है। ऐसे में मीडिया का वह वर्ग जो तटस्थ है, उसे भी उसकी किसी भूमिका को लेकर उक्त श्रेणी में शुमार किया जाने लगा है। यह सिलसिला निरंतर जारी है। दरअसल वर्तमान परिस्थितियों में सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष व्यक्ति विशेष के पक्ष या विपक्ष में विभाजित होते देखे जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में वस्तुस्थिति ज्ञात करना जटिल होता जा रहा है। राजनीतिक परिदृश्य में खंड-खंड प्रतिपक्ष के चलते नेतृत्व विरोधी मानसिकता असंगठित और बिखरे हुए प्रतिपक्ष के रूप में कार्य कर रही है। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के लिए विषय विशेष पर अपनी अटल धारणा बना लेना जटिल हो रहा है। इन दिनों राजनीतिक बयानबाजी निष्पक्ष अथवा तटस्थ होने के स्थान पर पूर्वाग्रहयुक्त दिखाई देती है। यही नहीं, आम नागरिकों के भी अपने अपने पूर्वाग्रह हैं। इसी आधार पर नेतृत्व को कसौटी पर कसा जा रहा है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में विचारधारा का ध्रुवीकरण स्पष्ट तौर पर नजर आता है। एक वर्ग नेतृत्व के समर्थन में नजर आता है तो दूसरा वर्ग नेतृत्व के विरोध में गतिशील दिखाई देता है। दलीय राजनीति का व्यक्ति केंद्रित हो जाना चिंता का विषय हो सकता है, किंतु नेतृत्व की नेक नियत के चलते यह स्थिति सुखकारी सिद्ध हो रही है। इन परिस्थितियों के चलते आम नागरिक भी विषय विशेष पर अपना स्पष्ट अभिमत नहीं बना पाता। विशेष रूप से इस दशक में देखते-देखते दलीय राजनीति अपना स्वरूप बदलकर व्यक्तिवादी राजनीति में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। निश्चित रूप से लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में व्यक्ति विशेष का दल विशेष से ऊपर हो जाना, अतिरिक्त रूप से गंभीर चिंता का विषय हो सकता है। इतना जरूर है कि वर्तमान नेतृत्व में राष्ट्रवादी विचारधारा को पर्याप्त सम्मान मिला है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात राष्ट्र की एकता और अखंडता को लेकर जो परिस्थितियां प्रश्नचिन्ह लगाती थी, उसका सफल उपचार भी किया गया है। कुल मिलाकर नेतृत्व की कार्यक्षमता और नेक नियति पर कोई गंभीर सवाल भी नहीं उठाया गया है। जाहिर है कि जिनके स्वार्थ आहत हुए, वे शोर मचाए जा रहे हैं। राजनीति में शुचिता और पवित्रता का वातावरण नए सिरे से स्थापित करने में नेतृत्व की सफलता निर्विवाद है। इन दिनों राजनीतिक पूर्वाग्रहों की प्रबलता कुछ इस कदर है कि नीति और सिद्धांतों को ताक पर रखकर बेमेल राजनीतिक समझौते किए जा रहे हैं। वर्तमान दौर में प्रतिपक्ष की एकमात्र चिंता का कारण वह नेतृत्व है, जिसे जनमत के बहुमत का समर्थन स्पष्ट तौर पर प्राप्त है। माना कि राजनीतिक दलों की राजनीति का एकमात्र उद्देश्य सत्ता प्राप्ति हो सकता है। लेकिन यह लक्ष्य व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भूमिका का निर्वहन करने के लिए होता है। ऐसी स्थिति में जनादेश के संकेतों को न समझ पाना, प्रतिपक्ष द्वारा हकीकत को नजरअंदाज करने के समकक्ष होगा। जितना विरोध नेतृत्व का किया गया, उतनी ही तेजी से वह नेतृत्व और अधिक सशक्त जनाधार पाता गया। आज मीडिया के एक वर्ग विशेष में नेतृत्व के प्रति सहमति को अंधभक्ति के रूप में निरूपित किया जा रहा है। आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला निरंतर जारी है। समर्थन के लिए समर्थन किया जा रहा है और विरोध के लिए विरोध किया जा रहा है। ऐसे दौर में राजनीतिक विचारधारा दो भागों में विभक्त दिखाई देती है। यह अजीब बात है कि यह विचारधारा दल विशेष से कहीं ज्यादा व्यक्ति विशेष के प्रति समर्थन या विरोध में मुखरित हो रही है। आखिर यह सिलसिला किस मुकाम पर जाकर थमेगा ? कथित तौर पर लोकतंत्र में विभिन्न राजनीतिक दल अपनी अपनी नीति और सिद्धांतों के आधार पर सक्रिय होते हैं। राजनीति का उद्देश्य व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भूमिका का निर्वहन करना होता है। सत्ता सैद्धांतिक रूप से जनहित का साधन होती है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में सत्ता को साध्य मान लिया गया है। सत्ता के लिए नीति और सिद्धांतों को दरकिनार कर देना, राजनीतिज्ञों का मुख्य शगल बन गया है। राजनीतिक दलों के बेमेल गठबंधन को सामूहिक भय का ही प्रत्यक्ष परिणाम माना जा सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है



संकलित
**दर्शन**

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

# दो अनमोल हीरे



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊँट दिखाई पड़ा। व्यापारीव्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊँट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊँट बेचने वाला बहुत खुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊँट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**सोने की बढ़ती कीमतों पर लगे लगाम**

भारतवर्ष कभी सोने की चिड़िया थी और भारत था भी सर्वाधिक सम्पन्न देश। टनों के हिसाब से सोना मंदिरों और पूजा-स्थलों में भरा था। आतताइयों ने मंदिरों को तहस नहस कर अपने देशों को समृद्ध बनाया। ऐसा वे बार बार करते रहे और भारत के सोने के भंडार खाली नहीं होते थे। आजकल सोना इतना महंगा हो गया कि गरीब बेटी के हाथ पीले करने के बारे में सोच नहीं सकता, और गरीब की पहुंच से परे पीली धातु का होना एक अभिशाप बन गया। कारण चाहे कुछ भी हो, सोने के दाम एक लाख रुपए ऊपर चले जाना बड़ी एवं दु:खद बात है। एक बात स्पष्ट है कि एक विशाल सम्पन्न देश इसकी बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने में विफल है या नियंत्रण लगाना ही नहीं चाहता। इस पर नियंत्रण होना चाहिए। *- सुरेश साहू, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

# रियाद में भारतीय संस्कृति और सऊदी दोस्ती का जश्न

भारतीय प्रवासियों को घर जैसा महसूस करने तथा सऊदी अरब के मूल निवासियों को भारत की जीवंत संस्कृति एवं विरासत का अनुभव करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करने के लिए हाल ही में सऊदी अरब की राजधानी रियाद में संपन्न हुआ 'इंडिया वीक' कार्यक्रम एक शानदार पहल रहा। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पारंपरिक शिल्प से लेकर विविध क्षेत्रीय व्यंजनों तक, यहां अल-सुवेदी पार्क दो से 10 नवंबर तक एक जीवंत 'मिनी इंडिया' में तब्दील हो गया। 'वैश्विक सद्भाव' पहल के दूसरे संस्करण के तहत इसका आयोजन सऊदी अरब के मीडिया मंत्रालय और सामान्य मनोरंजन परिषद (जीईए) द्वारा किया गया। पार्क में यह कोई सामान्य दिन नहीं था क्योंकि कार्यक्रम में गायिका कनिका कपूर और रैपर एमसी स्टेन के प्रदर्शन के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय लोक नृत्यों की रंगारंग परेड ने जान डाल दी, जिसमें भारी भीड़ और उत्साही भागीदारी देखने को मिली। भांगड़ा की ऊर्जावान धुनों पर थिरकते कलाकारों, रंगारंग राजस्थानी लोक नृत्य और गुजराती गरबा की धूम ने भारतीय प्रवासियों को घर जैसा अहसास कराया जबकि सउदी के लोगों के लिए भी यह एक शानदार अनुभव रहा।




## ऑफ बीट

# मगरमच्छ के 5.5 साल पुराने अंडे के खोल मिले

दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड में ब्रिस्बेन से लगभग 250 किलोमीटर दूर मुरगॉन नामक छोटा शहर स्थित है। देश की यह बस्ती लगभग 2,000 लोगों की आबादी का घर है और दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण जीवाश्म स्थलों में से एक मानी जाती है। पिछले कुछ दशकों में जीवाश्म वैज्ञानिकों ने मिट्टी के भीतर 5 .5 करोड़ साल पुराने कई महत्वपूर्ण अवशेष खोजे हैं। इनमें दुनिया के सबसे पुराने, गाने वाले पक्षियों के जीवाश्म, ऑस्ट्रेलिया में पाए गए केवल ज्ञात सैलामेंडर के जीवाश्म और ऑस्ट्रेलिया के सबसे पुराने मार्सुपियल जीवाश्म शामिल हैं। हाल ही में 'जर्नल ऑफ वर्टिब्रेट पैलेन्टोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया में अब तक के सबसे पुराने मगरमच्छ के अंडे के खोल खोजने की जानकारी दी है। अंडे के ये खोल अब एक नए प्रकार के अंडे की पहचान के लिए आधार बन गए हैं, जिसे 'वक्काऊलिथस गॉडथेल्पी' नाम दिया गया है। ये अब विलुप्त हो चुके मेकोसुकाइन मगरमच्छ समूह के सबसे पुराने ज्ञात सदस्य से संबंधित हैं। यह खोज उनके विकास और उन जंगल-पथ वाले दलदली क्षेत्रों की जानकारी देती है जिनमें वे रहते थे।



## ट्रेंड

### विशेष बुद्ध अवशेष



मेरी भूटान यात्रा ऐसे समय में हुई है जब इस देश के लोग ऐतिहासिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। यह चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो की 70वीं जयंती है, वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव चल रहा है और भारत से विशेष बुद्ध अवशेष यहां लाए गए हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बाल निमोनिया के लिए पहल



बाल निमोनिया को कम करने के लिए, सांस (सामाजिक जागरूकता और निमोनिया को सफलतापूर्वक निष्क्रिय करने की कार्रवाई) शुरू की है ताकि स्वास्थ्य प्रणालियों, सामुदायिक जागरूकता से बाल निमोनिया को कम किया जा सके।
**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### कुछ रोगों का इलाज नहीं



गिरगिट चाहे कितना भी रंग बदल ले, वह गिरगिट ही रहेगा। जिसे 'वंदे मातरम' से समस्या है, वह देश के लिए भी समस्या है। दिल्ली बम विस्फोट ने यह पुनः प्रमाणित कर दिया है कि शिक्षा से कुछ बीमारियों का इलाज नहीं हो सकता।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### कमिटमेंट पूरा किया



हमने जो कमिटमेंट किया था, उसे पूरा किया.. बहनों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए हम 'लाड़ली बहना योजना' की राशि निरंतर बढ़ाएंगे। इस अवसर पर 560.75 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण भी किया।
**- डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
गुरुवार 13 नवंबर 2025
अगहन कृष्ण पक्ष नवमी
वर्ष : 25, अंक : 230
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 28.6
न्यून. 12.4


7 रोमांचक मुकाबले में मुसेट्टी ने मिनौर ...

विचार पेज
दोबारा उग आई आतंकी विषबेल






# मंत्रियों की 'क्लास', एसआईआर समेत कई मुद्दों पर जामवाल का मंथन

*आज संगठन के नेताओं से करेंगे बात*

## तीन माह बाद पहुंचे क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री जामवाल, वन टू वन की चर्चा

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री अजय जामवाल बिहार चुनाव के बाद बुधवार को रायपुर पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने मंत्रियों और विधायकों से एसआईआर सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उनके साथ संगठन महामंत्री पवन साय भी मौजूद थे। बताया गया है कि आधा दर्जन मंत्रियों से वन-टू-वन चर्चा की गई, जिसमें एसआईआर, उनके विभाग और क्षेत्र से जुड़े मुद्दे भी शामिल रहे। क्षेत्रीय सह-संगठन मंत्री जामवाल बिहार चुनाव के चलते तीन माह बाद छत्तीसगढ़ के दौरे पर आए हैं। यहां पहुंचने के बाद राजधानी में मौजूद मंत्रियों को प्रदेश कार्यालय में आने की सूचना दी गई। आधा दर्जन से अधिक मंत्रियों में डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री रामविचार नेताम, दयालदास बघेल, टंकराम वर्मा, राजेश अग्रवाल, गुरु खुशवंत, टंकराम वर्मा, गजेंद्र यादव शामिल हुए। जामवाल और संगठन महामंत्री पवन साय ने मंत्रियों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ में चल रहे एसआईआर को लेकर कहा, कि भाजपा कार्यकर्ता सभी बूथ में मतदाताओं को जुडवाने और उनके सत्यापन के कार्य में विशेष रूप से ध्यान दें। आने वाले समय में यह महत्वपूर्ण रहेगा। मंत्रियों से उनके विभागों ▶▶|शेष पेज 6 पर

### तीन नए मंत्रियों से चर्चा

हाल ही में मंत्रिमंडल में शामिल कि तीनों नए मंत्रियों से भी जामवाल ने मुलाकात की। मंत्री राजेश अग्रवाल, गुरु खुशवंत और गजेंद्र यादव इस चर्चा में शामिल हुए। उन्होंने इन मंत्रियों को अपने विभाग के कार्यों के बारे में पूरी मुस्तैदी से काम करने की सलाह दी। वहीं अपने क्षेत्र के मुद्दों पर ध्यान देते हुए उनका निराकरण करने के निर्देश दिए।



### राष्टपति के आगमन की तैयारियों पर चर्चा

बताया गया है कि 20 नवंबर को राष्टपति द्रौपदी मुर्मू के अंबिकापुर दौरे की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। अंबिकापुर के कार्यक्रम को लेकर राजेश अग्रवाल ने बताया कि वहां पर सड़कों की मरम्मत और सुधार का कार्य कराया जा रहा है। वहीं सम्मेलन की तैयारियों को लेकर स्थानीय स्तर पर टीम बनाकर कार्य किया जा रहा है।

### मोर्चा प्रकोष्ठ की लेंगे बैठक

क्षेत्रीय सह-संगठन मंत्री अजय जामवाल कल सुबह भाजपा संगठन की बैठक भी लेंगे। वे विभिन्न मोर्चा संगठनों के लोगों से चर्चा करेंगे। विभिन्न आयोजनों को लेकर उनकी तैयारियों की जानकारी लेंगे। अजय जामवाल मध्य प्रदेश में भाजपा के क्षेत्रीय महासचिव (संगठन) हैं। वे यहां से भोपाल रवाना हो जाएंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पांच लाख के ईनामी समेत दो नक्सलियों का समर्पण

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में बुधवार को पांच लाख रुपये के इनामी नक्सली समेत दो



नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों नक्सलियों की पहचान झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सब-जोनल कमांडर ब्रजेश यादव उर्फ राकेश और एरिया कमांडर अवधेश लोहरा उर्फ रोहित लोहरा के रूप में हुई है।

### सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में राजस्व खुफिया निदेशालय ने सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर उसके सरगना समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। भारत में सोने की तस्करी करने और इसे 'ग्रे मार्केट' में बेचने की एक सुनियोजित साजिश थी। इसमें आयात नियमों का उल्लंघन किया गया और सरकारी राजस्व की चोरी की गई।

### अमेरिका-कनाडा में ठगी, पांच गिरफ्तार

**मुंबई।** पुलिस ने मुंबई में एक फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है, जो अमेरिका



और कनाडा के नागरिकों को ठग रहा था। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें सूचना मिली थी कि सागर गुप्ता नामक व्यक्ति अपने एक सहयोगी की मदद से मुलुंड कॉलोनी में फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर चला रहा था।

### महिला और दो बच्चों की कीटनाशक खाने से मौत

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले में मंगलवार को एक महिला और उसके दो बच्चों की कथित रूप से कीटनाशक खाने से मौत हो गई



जबकि एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। नया भोजपुर थानाक्षेत्र के पूरब टोला मोहल्ले में रहने वाली 30 वर्षीय सबीता देवी ने अपने पति से झगड़े के बाद अपने तीन बच्चों के साथ मिलकर कथित तौर पर कीटनाशक खा लिया। सबीता के बच्चों में सात वर्षीय ज्योति, पांच वर्षीय आकाश और एक वर्षीय विकास शामिल हैं।

*बालको थाना के सोनगुड़ा तराईडांड़ में मंगलवार की देर रात हुई वारदात*


# घर में घुसे डेढ़ दर्जन सशस्त्र डकैत, परिवार को मारपीट कर बनाया बंधक और ले उड़े नगदी-जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

- कट्टा, चाकू से लैस थे सभी डकैत, डेढ़ लाख नगद व जेवरात ले भागे आरोपी

ग्रामीण इलाके में डाके की सनसनीखेज वारदात ने इलाके को दहला दिया है। यहां एक किराना कारोबारी के घर देर रात लगभग डेढ़ दर्जन सशस्त्र हथियारबंद डकैत घुसे और परिवार के एक दर्जन महिला पुरुषों को बंधक बनाकर उनकी कनपटी पर कट्टा अड़ाकर लूटपाट की। डकैत परिजनों से मारपीट कर घर में रखे डेढ़ लाख रुपए नगद, सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों के कीमती सामान ले गए। सुबह जब डकैती की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस के भी होश उड़ गए। पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरु कर दी है। फिलहाल पुलिस को डकैतों के संबंध में कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। मामला बालको थाना के सोनगुड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम ▶▶|शेष पेज 6 पर







### बेटी की शादी के लिए रखा था रकम व जेवरात

शत्रुघ्न दास महंत ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि उसने अपनी पुत्री शादी के लिए डेढ़ लाख रुपए नगद एवं सोने चांदी का जेवरात जमा कर रखा हुआ था। डकैतों ने वारदात के बाद गांव में सनसनी फैली हुई है। ग्रामीणों को समझ नहीं आ रहा है कि इस वारदात को आखिर किसने अंजाम दिया है।

### फोरेंसिक एक्सपर्ट व खोजी डॉग की टीम भी पहुंची घटना स्थल

डकैती की वारदात की सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मामले की विभिन्न बिंदुओं को लेकर तहकीकात में जुटी हुई है। पुलिस अपराधियों के गिरेबांह तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग पहलुओं की जांच कर रही है। बताया जाता है कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए फॉरेंसिक एक्सपर्ट टीम और खोजी डॉग बाघा भी मौके पर पहुंची थी लेकिन पुलिस को देर शाम तक डकैतों का कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरा सहित आसपास के क्षेत्रों में खाक छान रही है। पुलिस अधीक्षक स्वयं मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और अधिकारियों को निर्देश दे रहें हैं जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

### खिड़की तोड़कर पड़ोसियों को दी सूचना

शत्रुहन मंहत के घर रात 1 बजे डकैतों ने प्रवेश किया था। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि डकैत बड़े आराम से शत्रुघ्न दास के घर रात 2:30 बजे तक रुके हुए थे। वारदात को अंजाम देकर वापस जाते समय उन्होंने घर के सभी सदस्यों का हाथ रस्सी से बांध दिया और घर के सभी दरवाजों को बाहर से बंद कर दिया था। घर के पांच सदस्यों का पांच मोबाइल फोन भी अपने साथ लेकर फरार हुए थे। डकैतों के भागने के बाद रात लगभग 3:30 बजे के आसपास शत्रुघ्न दास के एक बच्चे का हाथ खुला हुआ था जिससे किसी तरह हाथ के रस्सी को खुलवाया गया और एक छोटी सी खिड़की को तोड़कर उसे घर के बाहर भेजा गया और इसकी सूचना पड़ोसियों को दी गई पड़ोसियों के आने के बाद दरवाजा खोलकर उन्हें रिहा कराया गया। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

*विमान में सवार थे 182 यात्री*

# मुंबई से वाराणसी आ रही उड़ान में बम की धमकी




एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई से 182 से अधिक यात्रियों को वाराणसी लेकर जा रहे एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान में बुधवार को बम होने की सूचना मिली। एयरलाइन ने कहा कि विमान वाराणसी हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, वाराणसी जाने वाली हमारी एक उड़ान को सुरक्षा संबंधी धमकी मिली। प्रोटोकॉल के अनुसार, सरकार द्वारा नियुक्त बम खतरा आकलन समिति को तुरंत सूचित किया गया और सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय तुरंत शुरू किए गए।

### इमरजेंसी लैंडिंग

सूचना के बाद विमान की तुरंत इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद उसे आइसोलेशन में भी ले जाया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि बम निरोधक दस्ते द्वारा विमान की विस्तृत जांच की गई। अधिकारी धमकी के स्रोत की जांच शुरू कर चुके हैं। यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारने के बाद सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया। सीआईएसएफ के साथ स्थानीय पुलिस भी सर्च ऑपरेशन में शामिल रही।

### पांच हवाई अड्डों के लिए धमकी

इंडिगो को बुधवार को संदेश भेजकर दिल्ली और मुंबई समेत पांच हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। उनके मुताबिक, संदेश में दावा किया गया था कि पांच हवाई अड्डों-दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई और तिरुवनंतपुरम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।

*राष्ट्रपति के हाथों से 18 को मिलेगा सम्मान*

# छत्तीसगढ़ को तीन राष्ट्रीय जल पुरस्कार



- छत्तीसगढ़ को सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ पंचायत और सर्वश्रेष्ठ संस्थान श्रेणी में मिलेगा सम्मान, सीएम साय ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने इन पुरस्कारों की घोषणा की। छत्तीसगढ़ को तीन राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के लिए विभिन्न श्रेणियों में विजेता घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले को पूर्वी जोन में सर्वश्रेष्ठ जिला, कांकेर जिले की डूमरपानी ग्राम पंचायत को श्रेष्ठ ग्राम पंचायत श्रेणी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### साय ने जताई खुशी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ को मिले तीन राष्ट्रीय जल पुरस्कारों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान राज्य के सतत जल संरक्षण और जनसहभागिता आधारित प्रबंधन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'जल समृद्ध भारत' के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देने में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय कार्य किया है। राजनांदगांव, कांकेर और रायपुर के इन उदाहरणों ने यह सिद्ध किया है कि जब समाज, प्रशासन और संस्थान एक साथ कार्य करते हैं, तब जल संरक्षण एक जन-आंदोलन बन जाता है। मुख्यमंत्री ने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा कि राज्य सरकार हर जिले और पंचायत में जल संवर्धन के इस मॉडल को आगे बढ़ाएगी।



### साढ़े सात सौ आवेदनों में से केवल 46 का चयन

वर्ष 2024 के लिए छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की घोषणा 23 अक्टूबर 2024 को गृह मंत्रालय (एमएचए) के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर की गई थी। इस वर्ष कुल 751 आवेदन प्राप्त हुए। निर्णायक समिति द्वारा सभी आवेदनों की जाँच और मूल्यांकन किया गया। चयनित आवेदनों की जमीनी स्तर पर जाँच केंद्रीय जल आयोग और केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा की गई। जमीनी जाँच रिपोर्टों के आधार पर संयुक्त विजेताओं सहित कुल 46 विजेताओं को वर्ष 2024 के लिए 10 विभिन्न श्रेणियों में चयनित किया गया।

*हाईकोर्ट या फिर पहले सत्र न्यायालय, तय करने की तैयारी*

# अग्रिम जमानत के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ करेगी परीक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यह मुद्दा तीन न्यायाधीशों की पीठ को सौंप दिया कि क्या अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट जाना पक्षकार की पसंद है या वादियों के लिए पहले सत्र न्यायालय का रुख करना अनिवार्य है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई तीन न्यायाधीशों की पीठ के गठन के बाद ही की जाएगी। शीर्ष अदालत की पीठ ने ▶▶|शेष पेज 6 पर



### सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की दो सदस्यीय पीठ ने आदेश दिया कि इस मामले को तीन जजों की बेंच के सामने रखा जाए। सितंबर में वर्तमान बेंच ने मोहम्मद रसाल सी बनाम केरल राज्य मामले में इस मुद्दे पर विचार करना शुरू किया था।

### एक जैसे अधिकार देती है सीआरपीसी

अदालत ने यह राय व्यक्त की थी कि सीआरपीसी की धारा 438 (जो अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 482 है) हाई कोर्ट और सेशन कोर्ट को समान अधिकार देती है, फिर भी अग्रिम जमानत के लिए आवेदन सामान्यत: पहले सेशन कोर्ट में दायर किया जाना चाहिए, और सीधे हाई कोर्ट का सहारा केवल असाधारण मामलों में लिया जाना चाहिए।

# दवा फैक्ट्री के बॉयलर में ब्लास्ट, दो कर्मियों की मौत

एजेंसी ▶▶| भरूच

गुजरात के भरूच जिले में एक दवा फैक्टरी में बॉयलर फटने और उसके बाद लगी आग में कम से कम तीन कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 24 अन्य घायल हो गए। अधिकारी के अनुसार, यह हादसा मंगलवार देर रात करीब ढाई बजे गुजरात औद्योगिक विकास निगम के सायखा इलाके में स्थित फैक्टरी में हुआ।



### मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 6 टीमें मौके पर पहुंचीं। घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्य जारी रहा। मलबे को हटाने के साथ-साथ मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका को देखते हुए तलाशी अभियान रात तक चला। इधर, सरपंच सायखा गांव के सरपंच जयवीर सिंह ने हादसे को लेकर प्रशासन और कंपनी के मालिकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

*एसीबी की टीम ने की कार्रवाई, तालाब निर्माण के मूल्यांकन हेतु मांगे थे रुपए*

# 15 हजार की रिश्वत लेते प्रेमनगर आरईएस एसडीओ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

बुधवार की देर शाम एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी ने 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए आरईएस एसडीओ प्रेमनगर ऋषि कान्त तिवारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी आरईएस एसडीओ द्वारा ग्रामीण से तालाब निर्माण के मूल्यांकन हेतु रिश्वत की मांग की गई थी। अधिकारी ग्रामीण के घर ही रिश्वत लेने पहुंच गए जहां उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के अंतर्गत आने वाले प्रेमनगर महंगई निवासी दिसंबर सिंह को मत्स्य पालन विभाग से तालाब निर्माण की स्वीकृति मिली थी।





लगभग 1.5 लाख रुपए की लागत से तालाब निर्माण के मूल्यांकन हेतु ग्रामीण ने आरईएस एसडीओ ऋषि कांत सिंह से सम्पर्क किया था लेकिन अधिकारी द्वारा मूल्यांकन करने के लिए 10 प्रतिशत यानी के 15 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। ग्रामीण अधिकारी को रिश्वत नहीं देना चाह रहा था इसलिए उसने घटना की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो के अंबिकापुर स्थित कार्यालय में की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम द्वारा मामले का सत्यापन कराया गया और सत्यापन के दौरान रिश्वत के लिए मोल भाव किया गया और जब अधिकारी रिश्वत लेने को राजी हुआ तो एसीबी की टीम डीएसपी प्रमोद खेस, टीआई शरद सिंह, उप निरीक्षक विविध पाल सिंह, मनीष यादव सहित अन्य अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान आरईएस एसडीओ ऋषि कान्त तिवारी रिश्वत लेने के लिए ग्रामीण के घर महंगई नवापारा खुर्द पहुंच गया। अधिकारी ने जैसे ही रिश्वत लिया एसीबी की टीम ने ▶▶|शेष पेज 6 पर

वर्ल्ड डायबिटीज डे
14 नवंबर, स्पेशल


डायबिटीज को कंट्रोल करने में खान-पान की भूमिका तो महत्वपूर्ण होती ही है। इसके अलावा कुछ योगासनों और शारीरिक गतिविधियों से भी इसे कंट्रोल किया जा सकता है। ऐसे ही कुछ योगासनों के बारे में जानिए।

## इन योगासनों से मिलेगी डायबिटीज से राहत

योगोपचार

अंजू जैन

आज के दौर में असंतुलित जीवनशैली और डाइट की वजह से डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियां कम उम्र में भी देखने को मिल रही हैं। दरअसल डायबिटीज जीवनशैली से जुड़ी स्थिति है, जिसे अनुकूल आहार, नियमित योग, प्राणायाम और प्राकृतिक इलाज अपनाकर नियंत्रित और रिवर्स किया जा सकता है।



**डायबिटीज रिवर्सल के लिए योग:** विभिन्न आसन जैसे मंडूकासन, वज्रासन और पश्चिमोत्तानासन विशेष रूप से डायबिटीज के लिए लाभकारी माने जाते हैं। ये न केवल अग्न्याशय (पेंक्रियाज) की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि शरीर में इंसुलिन की संवेदनशीलता को भी सुधारते हैं। यदि थोड़ा-सा समय अपने स्वास्थ्य के लिए निकालें और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए, तो डायबिटीज रिवर्सल की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है।

**वज्रासन:** टाइप-2 मधुमेह के लिए यह आसन विशेष रूप से फायदेमंद है। भोजन के बाद इसे करने से पाचन अच्छा होता है और शुगर नियंत्रित रहती है। मधुमेह नियंत्रण में वज्रासन के कई फायदे हैं, जैसे कि यह इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करता है, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करता है और अग्न्याशय और यकृत जैसे पेट के अंगों को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन उत्पादन में सुधार होता है। यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और कब्ज, अपच और गैस जैसी समस्याओं




से राहत दिलाने में मदद करता है। यह तनाव को कम करता है, जो मधुमेह के प्रबंधन के लिए फायदेमंद है।

**मंडूकासन:** मंडूकासन मधुमेह नियंत्रण में मदद करता है क्योंकि यह पेंक्रियाज को उत्तेजित करके इंसुलिन उत्पादन बढ़ाता है, ब्लड शुगर के स्तर को सामान्य करता है और पाचन में सुधार करता है। इसके अन्य लाभों में तनाव कम करना, पेट की चर्बी घटाना और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालना शामिल है।

यह पेट के अंदरूनी अंगों की मालिश करता है, जिससे पाचन तंत्र दुरुस्त होता है और कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याएं दूर होती हैं। साथ ही यह तनाव और चिंता कम करता है। नियमित अभ्यास से मन शांत होता है और तनाव कम होता है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में सहायक होता है।

**धनुरासन:** यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। धनुरासन पैंक्रियाज को सक्रिय



करने में मदद सकता है। धनुरासन से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। दरअसल, शरीर में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने वाले इंसुलिन हार्मोन का उत्पादन पैंक्रियाज ही करता है।

**अर्ध मत्स्येंद्रासन:** मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए अर्ध मत्स्येंद्रासन के कई फायदे हैं। यह अग्न्याशय को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन उत्पादन बेहतर होता है और रक्त शर्करा का स्तर कम होता है। यह आसन पाचन और मेटाबॉलिज्म को भी सुधारता है और पेट के अंगों को उत्तेजित करके विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, यह पेट और कमर की चर्बी कम करता है, रक्त संचार बढ़ाता है और तनाव कम करने में सहायक है।


**वक्रासन:** मधुमेह नियंत्रण में वक्रासन के कई फायदे हैं। यह अग्न्याशय को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन का



उत्पादन बढ़ता है और कोशिकाओं की इंसुलिन के प्रति संवेदनशीलता में सुधार होता है। इसके अतिरिक्त, यह पाचन में सुधार करता है, तनाव को कम करता है और रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन को बढ़ाता है। वक्रासन मस्तिष्क को शांत करता है और तनाव को कम करने में मदद करता है, जो शुगर के स्तर को स्थिर रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

**ये उपाय भी हैं कारगर:** आसनों के अभ्यास के अलावा कुछ अन्य उपाय भी कारगर हो सकते हैं।

**वेट मैनेजमेंट:** ओबेसिटी डायबिटीज का एक बड़ा कारण है। मधुमेह को कंट्रोल करने के लिए हेल्दी वेट मेंटेन रखना जरूरी है।



**नियमित शारीरिक गतिविधि:** एरोबिक व्यायाम (जैसे, पैदल चलना, तैरना) और शक्ति प्रशिक्षण दोनों ही फायदेमंद होते हैं। नियमित व्यायाम करने से ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। *

**(पतंजलि योग केंद्र, कोलकाता में योग प्रशिक्षक वेद प्रकाश गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**

इस समय देश-दुनिया में करोड़ों लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं और करोड़ों लोग इसके लिए हाई रिस्क पर हैं। हालांकि अभी तक इस रोग का सटीक उपचार नहीं खोजा गया है लेकिन अपनी जीवनशैली और डाइट हैबिट में बदलाव करके डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके लिए कैसा हो आपका डाइट रूटीन, जानिए।

## डाइट मैनेजमेंट से पॉसिबल है डायबिटीज कंट्रोल

अवेयरनेस

शिखरचंद जैन

किसी दौर में मध्यवय की बीमारी समझी जाने वाली डायबिटीज, अब युवाओं और यहां तक कि बच्चों में भी देखी जा रही है। इसकी मुख्य वजह है, गलत खान-पान, असंयमित जीवनशैली, फिजिकल एक्टिविटी की कमी और नींद की अनियमितता। दुनिया भर में टाइप-2 डायबिटीज की दर बढ़ रही है। टाइप-2 डायबिटीज दृष्टि हानि और अंधेपन, गुर्दे फेल होने की समस्या, दिल के दौरे, स्ट्रोक, संक्रमण और यहां तक कि समय से पहले मृत्यु का एक प्रमुख कारण बन रही है। प्री-डायबिटीज यानी, (उच्च रक्त शर्करा जिससे पूर्ण मधुमेह होने का उच्च जोखिम होता है) से पीड़ित 80 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को इसकी जानकारी नहीं होती। और पूर्ण मधुमेह से पीड़ित चार में से एक व्यक्ति को पता ही नहीं चलता कि उन्हें यह रोग है। शोध बताते हैं कि एक स्वस्थ जीवनशैली मधुमेह होने से रोक सकती है। यहां तक कि इसके बढ़ने को भी पलट सकती है।

**डायबिटीज होने के कारण:** डायबिटीज, लाइफस्टाइल से जुड़ी एक ऐसी बीमारी है, जो एक बार हो जाए तो पूरी जिंदगी सावधानी बरतनी पड़ती है। जब शरीर में इंसुलिन की कार्यक्षमता कम हो जाती है या शरीर उसका सही उपयोग नहीं कर पाता, तो ब्लड शुगर स्तर असामान्य रूप से बढ़ने लगता है, जिससे डायबिटीज होता है। यह रोग केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और जीवनशैली से जुड़ा हुआ है। बहुत अधिक तनाव, गलत खान-पान, नींद की कमी और शारीरिक गतिविधियों की कमी इसके मुख्य कारणों में से हैं।

**हेल्दी डाइट-लाइफस्टाइल से कंट्रोल संभव :** हेल्थ एक्सपर्ट्स बताते हैं कि सही खान-पान और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाकर इस बीमारी को काबू में ही नहीं, बल्कि काफी हद तक रिवर्स भी किया जा सकता है। कुछ आसान आदतों को डेली रूटीन में शामिल करने से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखा जा सकता है, जिससे डायबिटीज पेशेंट्स में इंसुलिन की निर्भरता भी कम हो सकती है। यह 20 वर्षों के चिकित्सा अनुसंधान से सिद्ध हो चुका है।

एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने टाइप-2 मधुमेह के जोखिम वाले लोगों को लिया और उन्हें 24 हफ्तों तक आहार और जीवनशैली में बदलाव के साथ एक दवा दी गई, ताकि यह देखा जा सके कि क्या ऐसा करना उनके मधुमेह विकसित होने के जोखिम को कम कर सकता है? इस



अध्ययन का मूल लक्ष्य प्रतिभागियों की दैनिक आदतों में बदलाव लाना था। बदलाव के नतीजे सकारात्मक आए।

**कारगर है आयुर्वेद-प्राकृतिक चिकित्सा:** आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियां भी इस दिशा महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। अनेक रिसर्च और केस स्टडीज यह साबित कर चुकी हैं कि केवल अनुकूल आहार, योग, प्राणायाम और हर्बल उपचार से डायबिटीज का प्राकृतिक इलाज संभव है।



भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद, सदियों से मधुमेह जैसे रोगों का इलाज कर रही है। नीम, करेला, जामुन, गुड़मार जैसे हर्ब्स इंसुलिन की संवेदनशीलता बढ़ाने में सहायक होते हैं।

आजकल कई आयुर्वेदिक संस्थान इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। नीम करेला थैरेपी एक अत्यधिक प्रभावी पद्धति मानी जाती है, जिसमें मरीज के पैरों से नीम और करेला का रस शरीर में अवशोषित किया जाता है, जिससे ब्लड शुगर स्तर में आश्चर्यजनक सुधार देखा गया है।

**डायबिटीज रिवर्सल में डाइट का रोल:** इसके तहत डायबिटीज के अनुकूल आहार लेना जरूरी है। इसका अर्थ है ऐसा भोजन, जो रक्त में शर्करा के स्तर को संतुलित रखे और साथ ही शरीर को संपूर्ण पोषण भी प्रदान करे।

**क्या खाएं:** नियमित रूप से अपने भोजन में फाइबर युक्त सब्जियां जैसे लौकी, परवल, पालक, मेथी लें। साबुत अनाज जैसे जौ, रागी, कुट्टू, बाजरा का सेवन करें। इसके उपचार में कुछ प्राकृतिक औषधियां बड़ी उपयोगी हैं। जैसे नीम, करेला, जामुन के बीज। हेल्दी फैट्स जैसे नारियल का तेल, घी (सीमित मात्रा में) लें। पेय पदार्थ में गुनगुना पानी, नीबू पानी, छाछ, हर्बल चाय फायदेमंद है। रक्त शर्करा में वृद्धि को रोकने के लिए कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाला साबुत अनाज, अनप्रिजर्व्ड कार्बोहाइड्रेट चुनें। क्विनोआ, ब्राउन राइस, साबुत गेहूं और ओट्स जैसे खाद्य पदार्थ इसमें शामिल हैं।

**क्या न खाएं:** इन चीजों से परहेज करें।

- मैदा और रिफाइंड चीनी से बने फूड्स।
- पैकेज्ड फूड, कोल्ड ड्रिंक, जंक फूड।
- अधिक तला-भुना और मिर्च-मसालेदार खाना न खाएं।

**कम खाएं:** कैलोरी सेवन को नियंत्रित करने और जरूरत से ज्यादा खाने से बचने के लिए, खाने की मात्रा पर नजर रखें। यहां तक कि हेल्दी फूड्स भी जरूरत से ज्यादा खाने पर रक्त शर्करा के असंतुलन का कारण बन सकते हैं।

**भोजन का समय फिक्स करें:** पूरे दिन रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर रखने के लिए भोजन के समय को नियमित रखें। नाश्ता और खाना स्किप न करें। देर रात भोजन न करें। *

**(डायटिशियन पिंकी गोयल और संगीता मिश्र से बातचीत पर आधारित)**

### रोज सेवन करें ये फायदेमंद चीजें

**कुछ चीजें** अगर आप अपने डाइट रूटीन में शामिल करें तो बहुत फायदेमंद हो सकता है।





**मेथी दाने का पानी:** रोज सुबह खाली पेट मेथी दाने का पानी लें। इसके लिए रात को एक चम्मच मेथी दाना थोड़े से पानी में भिगो दें और सुबह खाली पेट उस पानी को पी लें। मेथी दाने में फाइबर अच्छी मात्रा में मौजूद होता है, जो शरीर में कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को धीमा करके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ने से बचाता है।

**कच्चे प्याज का सलाद:** कच्चे प्याज का सलाद खाएं। प्याज खाने से ब्लड शुगर कुछ ही घंटों में कम होने लगता है। सिर्फ 100 ग्राम कच्चा प्याज खाने से 4 घंटे के भीतर शुगर लेवल में गिरावट आती है। प्याज खाने से शरीर का इंसुलिन रिस्पॉन्स भी बेहतर होता है।

**खाने के बाद 500 कदम चलें:** रोज दोनों समय भोजन करने के बाद 500 कदम पैदल चलें। ऐसा करने से शरीर की मांसपेशियां एक्टिव होती हैं और हमारा शरीर खून में मौजूद शुगर को एनर्जी के रूप में इस्तेमाल करता है। इससे ब्लड शुगर नहीं बढ़ता।

**रात को आंवला-हल्दी पानी पिएं:** रोज रात के समय आंवला और हल्दी का पानी पीने की आदत डालें। आंवले में क्रोमियम होता है, जो इंसुलिन की कार्यक्षमता बढ़ाता है। वहीं, हल्दी भी इंसुलिन को बेहतर बनाकर ब्लड शुगर कम करती है।

## सर्दियों का अमृत है त्रिफला

हर्बल जोन

रेखा देशराज

त्रिफला शब्द संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है। 'त्रि' तथा 'फला' यानी तीन फलों का संयोजन। वास्तव में त्रिफला तीन फलों से मिलकर बनता है। ये तीन फल हैं आंवला, हरड़ और बहेड़ा। इन तीनों फलों को सुखाकर बारीक पीस लिया जाता है और इनका अनुपात सामान्यतः त्रिफला में इस प्रकार होता है। एक हरड़, दो बहेड़ा और चार आंवलों का मिश्रण आदर्श त्रिफला के रूप में हमारे सामने आता है। सुखाकर बारीक पीस लिए गए इन तीनों फलों का मिश्रण यानी त्रिफला आजकल टैबलेट और काढ़े के रूप में भी बाजार में उपलब्ध है। त्रिफला को आयुर्वेद में त्रिदोषनाशक कहा जाता है यानी शरीर के तीनों दोष- वात (गैस और जोड़ों की गति से जुड़ा हुआ), पित्त (पाचन और गर्मी से जुड़ा हुआ) और कफ (बलगम और ठंड से जुड़ा हुआ)। त्रिफला इन तीनों दोषों को दूर करके हमारे शरीर को संतुलित करता है।

**कई समस्याओं से दिलाए राहत:** जैसे ही सर्दी दस्तक देती है, हमारे शरीर की प्राकृतिक क्रियाएं धीमी पड़ने लगती हैं। सुबह की ठंडी हवा, कम पानी पिया जाना, गरिष्ठ भोजन और शारीरिक गतिविधियों को कम करने के कारण इन दिनों पाचन में गड़बड़ी, त्वचा में रुखापन, जोड़ों में दर्द और नींद से जुड़ी अनेक परेशानियां सिर उठाने लगती हैं। ऐसे में



त्रिफला बहुत काम आता है। आंवला, हरड़ और बहेड़े का यह मिश्रण इस मौसम के लिए वरदान है। सर्दियों में यह शरीर को अंदर से शुद्ध, संतुलित और ऊर्जावान बनाए रखता है। दरअसल सर्दियां बढ़ते ही क्योंकि हम लोग कम पानी पीने लगते हैं और तला, भुना भोजन ज्यादा खाने लगते हैं, इसलिए हमारा पाचन कमजोर हो जाता है और कब्ज की समस्या बढ़ जाती है। इसी तरह इन दिनों ठंडी हवाएं चलने के कारण हमारे शरीर की नमी कम हो जाती है और त्वचा फटने लगती है, होंठ भी सूखने लगते हैं और चेहरा बेजान नजर आने लगता है।

**जोड़ों के दर्द में मिले आराम:** ठंड के कारण रक्तप्रवाह धीमा हो जाता है। इसलिए जोड़ों में दर्द और अकड़न बढ़ जाती है। सर्दियों में हम बाकी मौसमों के मुकाबले कुछ ज्यादा खाने लगते हैं, इसलिए इस मौसम में हमारा वजन भी बढ़ जाता है और जोड़ों में दर्द, अकड़न महसूस होती है। शरीर कम सक्रिय रहने के कारण इन दिनों हमारे शरीर में फैट जमा हो जाता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ जाता है और ठंडी रातें लंबी होने के कारण हमारी नींद आमतौर पर असंतुलित हो जाती है। इन दिनों सुबह उठने में आलस आता है और दिनभर तन व मन थके-थके महसूस होते हैं। इन सब परेशानियों में काम आता है-त्रिफला।

यह इम्यूनिटी बढ़ाने और शरीर को स्फूर्तिदायक बनाए रखने में सहायक होता है। त्रिफला में बहेड़ा होने के कारण यह फेफड़ों और श्वसन तंत्र को मजबूत करता है, साथ ही सर्दियों में हमें सर्दी जुकाम से बचाता है और हरड़ शामिल होने के कारण त्रिफला हमारी पाचनशक्ति सुधारता है, हमें कब्ज और गैस से दूर रखता है। इस तरह तीनों फलों का यह मिश्रण अनेक गुणों से भरपूर होने के कारण सर्दियों में हमारे शरीर के लिए संतुलन साधक औषधि का काम करती है।

**सेवन का तरीका:** जहां तक इसके सेवन का तरीका है तो आमतौर पर रात में सोने के पहले एक चम्मच त्रिफला चूर्ण गुनगुने पानी के साथ लिया जाता है या सुबह खाली पेट हल्के गुनगुने पानी के साथ भी इसका सेवन करते हैं। लगातार दो-तीन महीना सेवन करने से शरीर में हल्कापन, त्वचा में निखार और पाचनतंत्र में मजबूती दिखती है। *

## फिजिकल-मेंटल फिटनेस के बीच रखता हूं बैलेंस

फिटनेस फंडा

मोहित मलिक

इन दिनों सोनी सब चैनल पर आ रहे सीरियल 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में भगवान शिव का रोल मोहित मलिक निभा रहे हैं। मोहित के लिए फिटनेस के क्या मायने हैं, इसे वे कैसे मेंटेन करते हैं, यहां मोहित बता रहे हैं अपनी जुबानी।



एक्टर मोहित मलिक के लिए शारीरिक फिटनेस और मानसिक शांति के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि वे 'गाथा शिव परिवार की–गणेश कार्तिकेय' सीरियल में भगवान शिव के शांत, संयमित और सशक्त स्वरूप को सही मायने में अभिव्यक्त कर सकें। इसके लिए वे अनुशासित जीवन, नियमित व्यायाम, ध्यान, संतुलित आहार फॉलो करते हैं। अपने फिटनेस रूटीन के बारे में वे यहां बता रहे हैं विस्तार से।

**डेली रूटीन:** फिटनेस के लिए वर्कआउट और मेडिटेशन मेरे जीवन का अहम हिस्सा हैं। इन दोनों के साथ मैं बिल्कुल भी समझौता नहीं करता हूं। खासकर जब इन दिनों मैं भगवान शिव की भूमिका निभा रहा हूं। मैं हफ्ते में पांच दिन शूटिंग पर जाने से पहले फिजिकल ट्रेनिंग करता हूं, जिससे दिन की शुरुआत सकारात्मक होती है। अगर कभी वर्कआउट मिस हो जाए, तो मुझे दिन भर असंतुलित और थका हुआ महसूस होता है। ध्यान (मेडिटेशन) मुझे काम के प्रति फोकस्ड रखने में हेल्प करता है। इसलिए अगर टाइम नहीं मिल पाता तो मैं अकसर सेट पर जाते समय अपनी गाड़ी में यात्रा के दौरान ही ध्यान कर लेता हूं। यह मेरे लिए आत्मचिंतन का शांत समय बन जाता है।

**डाइट प्लान:** हेल्थ फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए मैं डाइट पर भी ध्यान देता हूं। दिन में चार बार बैलेंस्ड डाइट लेता हूं, जिसमें प्रोटीन और फाइबर जरूर शामिल करता हूं। अपनी डाइट में चीनी और फ्राइड फूड्स से परहेज करता हूं।

**मानसिक शांति के लिए:** योगाभ्यास और ब्रीदिंग एक्सरसाइज यानी विभिन्न तरह के प्राणायाम करना भी मेरे फिटनेस रूटीन का अहम हिस्सा बन गए हैं। ये मुझे उस स्थिरता और संयम को महसूस करने में मदद करते हैं, जो भगवान शिव का सार है। भगवान शिव की भूमिका निभाने के लिए शक्ति और शांति दोनों की आवश्यकता होती है। यह अनुशासन मुझे उस ऊर्जा से जुड़े रहने में मदद करता है। कभी-कभी मैं रात में एक घंटे टहलने निकल जाता हूं, पॉडकास्ट सुनते हुए या खुद के साथ कुछ शांत समय बिताते हुए। यह मेरा रिचार्जिंग और माइंडफुल रहने का तरीका है। इससे मुझे भरपूर मेंटल पीस मिलता है। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स



# बिहार चुनाव के दोनों चरणों में पुरुषों से ज्यादा वोट किया है महिलाओं ने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

6 और 11 नवंबर को संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनावों के नतीजे शुक्रवार को आ जाएंगे। इस चुनाव में एक बार फिर महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा वोट डालकर इतिहास रच दिया है। पहले चरण में 69.04% महिलाओं ने वोट डाला जबकि पुरुषों का प्रतिशत 61.56% रहा. दूसरे और अंतिम चरण में महिला वोटिंग बढ़कर 74.03% हो गई, वहीं पुरुषों का प्रतिशत 64.1% था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार कुल मिलाकर महिलाओं का औसत मतदान प्रतिशत 71.6% रहा। महिलाओं की इतनी बड़ी भागीदारी सिर्फ आंकड़ों की कहानी नहीं है। ये बिहार के सामाजिक बदलाव, महिला सशक्तिकरण और सरकार की नीतियों की सफलता का संकेत है।

**'जीविका दीदी' की भूमिका :** बिहार ग्रामीण आजीविका मिशन (बीआरएलपीएस) के तहत जीविका दीदी के रूप में जुड़ी महिलाएं अब सशक्त उद्यमी और सामाजिक नेतृत्वकर्ता बन चुकी हैं। ये महिलाएं अपने समूहों के जरिए गांवों में जागरूकता फैलाती हैं, दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करती हैं और राजनीतिक भागीदारी का नया उदाहरण बनती हैं।

## चुनाव के नतीजे कल, गेमचेंजर माना जा रहा है महिलाओं का वोट

### महिला सशक्तिकरण और बदलती सामाजिक भूमिका

बिहार की महिलाएं, खासकर यहां के गांवों की महलिाएं अब सिर्फ घर-परिवार तक सीमित नहीं रहीं। शिक्षा और जागरुकता ने उन्हें आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक फैसलों में हिस्सेदारी करने की ताकत दी है। सरकार की कई योजनाओं ने भी महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी जिसके चलते वे मतदान में सक्रिय रूप से भाग लेने लगी हैं।



### 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का असर

*मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रमुख योजना 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' ने लाखों महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। इस योजना के तहत एक करोड़ से अधिक महिलाओं को 10,000 रुपये की आर्थिक मदद दी गई है।*

### राजनीति में 'महिला वर्ग' का बनना

नीतीश ने महिलाओं को एक अलग राजनीतिक वर्ग के रूप में पहचान दिलाई है। स्थानीय निकायों में 50% आरक्षण (2006 से) और स्कूली छात्राओं के लिए साइकिल योजना जैसी नीतियों ने उन्हें सीधा राजनीतिक सशक्तिकरण दिया है। इससे सरकार के प्रति महिलाओं में भरोसा और निष्ठा भी बढ़ी है। ग्रामीण बिहार से बड़ी संख्या में पुरुष रोजगार के लिए पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और गुजरात जैसे राज्यों में जाते हैं। नतीजतन, गांवों में महिलाओं की संख्या अधिक दिखती है और चुनाव के दौरान उनका वोट प्रतिशत स्वाभाविक रूप से बढ़ जाता है।

### रिकॉर्ड भागीदारी कई कारकों का नतीजा

देखा जाए तो बिहार में महिलाओं की रिकॉर्ड भागीदारी कई कारकों का नतीजा है। इनमें सरकारी कल्याण योजनाएं, सामाजिक सशक्तिकरण, जीविका दीदी जैसी जमीनी पहल और जनसांख्यिकीय बदलाव खास वजहें हैं। बिहार में ये रुझान बताता है कि लोकतंत्र अब सिर्फ पुरुषों की आवाज नहीं रहा. महिलाएं अब बिहार की राजनीति की नई दिशा तय कर रही हैं। 1990 के दशक में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के शासनकाल को 'जंगलराज' कहा जाता रहा है। उस दौर में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर महिलाओं में डर और असुरक्षा थी। अब महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ये दिखाती है कि वे राज्य में स्थिरता और सुरक्षा चाहती हैं।

## खबर संक्षेप

### अगले महीने भारत आएंगे रूसी राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर माह में भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। बताया जा रहा है कि रोसकांग्रेस द्वारा दिसंबर के पहले सप्ताह में रूस-भारत फोरम के पूर्ण सत्र आयोजित होगा। पुतिन इस कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। वहीं इसको लेकर क्रेमलिन ने भी जानकारी दी थी कि पुतिन दिसंबर महीने में भारत आएंगे। अब रोसकांग्रेस ने जानकारी दी है कि वह 5 दिसंबर को भारत आएंगे। भारत में यात्रा के दौरान उनसे रक्षा सहयोग को लेकर भी बात होने उम्मीद जताई जा रही है। रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान एयर डिफेंस सिस्टम-S400 और लड़ाकू विमान Su-57 की खरीद पर भी बात हो सकती है। इससे पहले 2021 दिसंबर को उन्होंने भारत का दौरा किया था। ऐसे में उनकी इस यात्रा को भारत और रूस के संबधों के लिहाज से भी बेहद अहम माना जा रहा है। क्योंकि अमेरिका द्वारा भारत पर रूस से तेल ना खरीदने के लिए भी दबाव बना जा रहा है। ब्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा पर अमेरिका भी नजर रहेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पुतिन की अक्टूबर माह में फोन पर भी बात हुई थी। फोन पर बात के दौरान दोनों ही नेताओं ने रूस और भारत के बीच बेहतर रिश्ते होने की बात कही थी।

### कर्नाटक के स्कूल में धमाका, अफरा-तफरी


**आनेकल।** कर्नाटक के आनेकल में मंगलवार सुबह एक प्राइवेट स्कूल में हुए धमाके से छात्रों और शिक्षकों में हड़कंप मच गया। घटना बिंगिपुरा की है, जहां लड़कों के वॉशरूम से अचानक तेज आवाज सुनाई दी। चूंकि यह घटना दिल्ली के लाल किला धमाके के अगले ही दिन हुई। सूचना मिलते ही बनरघट्टा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरुआती जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यह कोई विस्फोट नहीं था, बल्कि छात्रों द्वारा जलाए गए 'पटाखों' के कारण हुआ धमाका था। असिस्टेंट स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर डॉक्टर जयप्रकाश ने बताया कि 'सुबह करीब 10:10 बजे वॉशरूम से तेज आवाज आई। जब हमने जांच की तो पाया कि कुछ छात्रों ने दीपावली के बचे पटाखे जलाए थे। उन्हें निलंबित कर दिया गया है और हमने तुरंत पुलिस को सूचित किया था।'

## लाल किला ब्लास्ट

**जैश-ए-मोहम्मद का मिला संदिग्ध पोस्टर, टेरर मॉड्यूल का खुलासा**

# 'जो कुछ हमने आप तक पहुंचाया यकीन है उस पर अमल करोगे'

### एक महीने पहले पाकिस्तान से आया था मैसेज




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार धमाके के बाद जांच एजेंसियां अब एक नए सुराग पर काम कर रही हैं। इस घटना में 10 लोगों की मौत और 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। शुरुआती जांच में इसे जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकी नेटवर्क से जुड़ा बताया गया है, जिसमें कथित रूप से मेडिकल प्रोफेशनल्स की संलिप्तता पाई गई है। अब इसी सिलसिले में जैश-ए-मोहम्मद का एक संदिग्ध पोस्टर सामने आया है। इस पोस्टर में राफल्स की तस्वीरों के साथ संदेश लिखा है, 'उम्मीद करता हूं आप सब लोग खैरियत से होंगे।.. जो कुछ हमने अब तक आप तक पहुंचाया है, आप उस पर अमल करोगे। हम देख रहे हैं कि आप अब भी गुनाहों में लिप्त हो, इसलिए शरीयत के खिलाफ काम बंद करो, वरना हमारा एक्शन तय होगा।' पोस्टर में आगे कहा गया है, 'कुछ लोग इन भारतीय दरिंदों का साथ देते हैं।.. यह आखिरी बार है, अब आप माफी के हकदार नहीं रहेंगे। इंशा अल्लाह जब वक्त आएगा, तो वे अपनी जान देने के लिए तैयार रहेंगे।' जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टर की बातें कोटेशन में लिखी गई है।

### पोस्टर में श्रीनगर के नौशेरा का जिक्र

संदेश में खास तौर पर श्रीनगर के नौशेरा इलाके का जिक्र किया गया है, जहां ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है जो 'भारतीय दरिंदों' को अपनी दुकानों पर जगह देते हैं। सुरक्षा एजेंसियां अब इस पोस्टर की उत्पत्ति और प्रसार के स्रोत की जांच कर रही हैं। इसे सोशल मीडिया और एनक्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स के ज़रिए साझा किया गया बताया जा रहा है।

### जैश की मैगजीन में भी था सीक्रेट मैसेज



*लगे हैं कि क्या आतंकी संगठन जैश ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद दिल्ली के लिए कोई स्पष्ट संकेत छोड़ा था? कारण, जैश-ए-मोहम्मद की बात करने वाली मैगजीन मदीना के मई 2025 के संस्करण में दिल्ली की मुगलकालीन इमारत सफदरजंग मकबरे की एक मीनार का कवर पोस्टर छपा था। इसके अलावा, मैगजीन ने अतीत और वर्तमान पर एक विस्तृत लेख छापा, जिसमें 'गजवा-ए-हिंद' और 'जिहाद की तैयारी करो' का विशेष उल्लेख था। अपने भारत-विरोधी लेखों में जैश-ए-मोहम्मद ने भारत पर इस्लामी शासन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए जेहाद का उपदेश दिया था।*

**दिल्ली ब्लास्ट में तुर्की कनेक्शन भी सामने आया:** जांच में शामिल अधिकारियों का कहना है कि धमाके से जुड़े डॉक्टर मॉड्यूल जिसमें डॉ. मोहम्मद उमर और डॉ. मुजम्मिल के नाम सामने आए हैं - का तुर्की कनेक्शन भी सामने आया है। एजेंसियों का मानना है कि फारिदाबाद में जब उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया और विस्फोटक बरामद हुए, तो उमर ने घबराकर कार को गलत तरीके से हैंडल किया, जिससे यह धमाका हुआ।

**दिल्ली ब्लास्ट में गिरफ्तार डाक्टर के पूर्व पति व बड़े भाई ने मीडिया से कहा**

# कभी अंदाजा नहीं हुआ शाहीन के दिमाग में क्या चल रहा है?




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लाल किला विस्फोट मामले में गिरफ्तार डॉक्टर शाहीन शाहिद को लेकर जांचकर्ताओं ने दावा किया है कि वह भारत में जैश-ए-मोहम्मद की महिला भर्ती शाखा, जमात-उल-मोमिनात, का नेतृत्व कर रही थी। इस मामले में उसके पूर्व पति व बड़े भाई ने मीडिया से बातचीत में बुधवार को उसके आतंकवादी गतिविधियों से कथित जुड़ाव पर हैरानी जताई।

आरोपी के पूर्व पति ने दावा किया कि मुझे कभी अंदाजा नहीं हुआ कि उसके दिमाग में क्या चल रहा है? शाहीन के पूर्व पति नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ज़फ़र हयात ने बुधवार को कानपुर में 'पीटीआई- वीडियो' को बताया कि उनकी और शाहीन की शादी नवंबर 2003 में हुई थी, 'हमारा तलाक 2012 के अंत में हुआ था। मुझे नहीं पता कि उसके दिमाग में क्या चल रहा था 'मुझे कभी अंदाज़ा नहीं था कि वह ऐसी गतिविधियों में शामिल हो सकती है।

**भाई ने यह कहा :** शाहीन के भाई मोहम्मद शोएब ने कहा कि शोएब ने कहा, 'शोएब ने बताया कि पिछले चार सालों से वह और उसकी बहन एक-दूसरे के संपर्क में नहीं थे। माता-पिता कभी-कभार उसका हालचाल पूछते थे। शोएब ने कहा, मुझे अब भी इन आरोपों पर यकीन नहीं हो रहा है।'

**शाहीन के पूर्व पति ने क्या बताया?-** इस बीच, उसके पूर्व पति डॉ. ज़फ़र हयात ने बुधवार को कानपुर में 'पीटीआई- वीडियो' को बताया कि उन्हें कल शाम ही इस मामले में उसकी संलिप्तता के बारे में पता चला। हयात ने कहा कि उनकी और शाहीन की शादी नवंबर 2003 में हुई थी और दोनों ने अलग-अलग मेडिकल की पढ़ाई की थी, और वह शाहीन के सीनियर थे।

## एलएसी पर तेज होगी तैनाती

# चीन सीमा पर भारत का सबसे ऊंचा एयरफील्ड शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लद्दाख के पूर्वी इलाके में स्थित मुध-न्योमा भारत का सबसे ऊंचा एयरफील्ड अब पूरी तरह से चालू हो गया है। यह हवाई पट्टी समुद्र तल से 13,700 फीट ऊपर बनी है। लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) से सबसे नजदीक एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) है। इससे भारत की सुरक्षा मजबूत हुई है। सीमा पर तेजी से सेना पहुंचाने की क्षमता बढ़ गई है। यह एक ऐसा हवाई अड्डा है, जहां सेना के विमान जल्दी उतर-उतर सकेंगे, खासकर पहाड़ी इलाकों में जहां सड़कें मुश्किल हैं। 2021 में शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट 214 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हुआ.

**यह है खासियत :** न्योमा एयरफील्ड लद्दाख के मुध गांव के पास बना है। यहां 3 किलोमीटर लंबी नई रनवे तैयार की गई है, जो इमरजेंसी उड़ानों के लिए बनी है। ऊंचाई इतनी ज्यादा है कि सामान्य हवाई पट्टियों की तुलना में यहां



ऑक्सीजन कम है, लेकिन इंजीनियरों ने खास डिजाइन से इसे सुरक्षित बनाया। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के विमान जैसे सी-17 ग्लोबमास्टर या छोटे ट्रांसपोर्ट प्लेन यहां आसानी से उतर सकेंगे। इससे एलएसी के पास सैनिकों, हथियारों और दवाइयों को घंटों में पहुंचाया जा सकेगा, जबकि सड़क से यह काम हफ्तों लगता। न्योमा का महत्व इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि यह एलएसी से महज 20-30 किलोमीटर दूर है। पहाड़ी रास्तों पर ट्रक या जीप भेजना खतरनाक होता है, लेकिन हवाई मार्ग से सब आसान हो गया। स्थानीय लोग भी खुश हैं, क्योंकि इससे सिविल उड़ानें भी शुरू हो सकती हैं- जैसे डॉक्टरों या जरूरी सामान की डिलीवरी ।

### चीन तनाव के बीच मजबूत कदम

चार साल पहले 2020 में गलवान घाटी में भारत-चीन के बीच झड़प हुई थी। तब से एलएसी पर तनाव बना हुआ है। इसी बीच भारत ने सीमा पर इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से बनाया। न्योमा इसी का हिस्सा है। न्योमा से आईएएफ को सीधा एक्सेस मिलेगा, जिससे चीन की हरकतों का तेज जवाब दिया जा सकेगा। यह एयरफील्ड भारत की 'स्ट्रैटेजिक डेप्थ' बढ़ाता है। यानी सीमा पर दुश्मन को घेरने की ताकत. पहले सैनिकों को लेह एयरपोर्ट से 200 किलोमीटर दूर सड़क से जाना पड़ता था, जो ठंड में असंभव था। अब न्योमा से 30 मिनट में पहुंच जाएंगे। इससे न सिर्फ सेना, बल्कि स्थानीय चिकित्सा और आपदा राहत भी मजबूत होगी।






## महाराष्ट्र के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर तथा रायपुर के युवक के खिलाफ थाने में शिकायत

# सामाजिक सौहार्द्र खराब करने वाले संदिग्ध अकाउंट की पुलिस कर रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

पिछले महीने वीआईपी चौक स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा खंडित करने की घटना के बाद से कतिपय तत्वों द्वारा सामाजिक सौहर्द्र खराब करने की कोशिश की जा रही है। सामाजिक सौहार्द्र खराब करने सोशल मीडिया में कई फेक अकाउंट होने की जानकारी पुलिस को मिली है। इसके बाद पुलिस की साइबर सेल की चार सदस्यी टीम फेक अकाउंट की पड़ताल करने के साथ दो दर्जन से ज्यादा संदिग्ध अकाउंट की निगरानी कर रही है। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ उनके अकाउंट ब्लाक करने एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।

समाज विशेष के आराध्य को लेकर छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बाद सिंधी तथा अन्य समाज के कुछ लोगों ने छत्तीसगढ़ के रहने वाले तथा उनके आराध्य को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसके बाद से दोनों पक्षों के खिलाफ रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर जांच कर कार्रवाई कर रही है। शिकायत दर्ज कराने के बाद सोशल मीडिया में मामले ने तूल पकड़ लिया है।

### छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष के खिलाफ रायपुर में तीन अपराध दर्ज, कई अन्य राज्यों में शिकायत

अमित बघेल द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद अग्रवाल तथा सिंधी समाज से जुड़े लोगों ने सिविल लाइंस के साथ देवेंद्र नगर तथा कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष के खिलाफ मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में भी शिकायत दर्ज कराई है। रायपुर में एफआईआर दर्ज होने के बाद अमित बघेल फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने पांच हजार रुपए इनाम की भी घोषणा की है। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना की आपत्तिजनक टिप्पणी से नाराज महाराष्ट्र के सोशल मीडिया इंफ्लूएंजर हिंदुस्थानी भाऊ उर्फ विकास पाठक ने अमित बघेल के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। साथ ही रायपुर अमलीडीह निवासी विनोद पांडा ने सोशल मीडिया में छत्तीसगढ़ तथा यहां के निवासियों के खिलाफ सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इन दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने छत्तीसगढ़ क्रांति सेना से जुड़े नेताओं ने राजेंद्र नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

एक दूसरे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद अलग-अलग वर्ग से जुड़े लोग सोशल मीडिया के माध्यम से एक दूसरे के खिलाफ आरोप प्रत्यारोप लगाने के साथ आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। ऐसे में सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस दो दर्जन से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट को संदेहास्पद मानते हुए उन अकाउंट की विशेष निगरानी कर रही है। जिन अकाउंट के फेक होने की आशंका है, उस अकाउंट की आईपी एड्रेस की जांच कर पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। एसएसपी के अनुसार सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले लोगों के अकाउंट भी ब्लाक किए जाएंगे।

### सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखें

लोग आपसी भाईचारा के साथ सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखें। भाईचारा, सौहार्द्र खराब करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया में फैलाई जा रही किसी भी तरह की अफवाह तथा आपत्तिजनक टिप्पणी करने से लोग बचें।

**- डॉ. लाल उमेद सिंह**, एसएसपी रायपुर

## 31 दिसंबर तक 24 घंटे जल आपूर्ति की चल रही तैयारी, प्रति व्यक्ति रोजाना 158 लीटर मिलेगा पानी

**रायपुर।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड शहर में अपने बहुप्रतीक्षित 24 घंटे जल आपूर्ति के प्रोजेक्ट को 31 दिसंबर तक शुरू करने की तैयारी में है। इस प्रोजेक्ट के अमल में आने से शहर के 15 चयनित वार्डो को इसका लाभ मिल सकेगा। इसमें प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 158 लीटर शुद्ध पानी की खपत को मानक मानकर जल आपूर्ति की जाएगी। संबंधित वार्डो के घरों-दुकानों में लगाए गए स्वचालित वाटर मीटर में जल की खपत की रीडिंग के हिसाब से पानी का शुल्क लिया जाएगा। हालांकि नगर निगम ने अभी तक इसके लिए दर तय नहीं की है।

राजधानी के 15 वार्डो के 1 लाख 15 हजार आबादी को 24 घंटे पीने का शुद्ध पानी जल्द मिलेगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित एजेंसी ने 130 करोड़ के पॉयलट प्रोजेक्ट में 180 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाने के साथ ही 23 हजार में से 20 हजार से अधिक घरों में वाटर मीटर लगाने का काम पूरा कर लिया है, जबकि 3 हजार वाटर मीटर लगाने काम चल रहा है। वहीं 2700 उपभोक्ता ऐसे हैं, जिन्होंने अभी तक 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए नए कनेक्शन लेने रुचि नहीं ली है। उन्हें रायपुर स्मार्ट सिटी ने 15 नवंबर तक संबंधित जोन कार्यालय में आवेदन देने का समय दिया है। इस अवधि में आवेदन करने पर उन्हें निःशुल्क नया कनेक्शन इस योजना के तहत दिया जाएगा। 15 नवंबर के बाद कनेक्शन के लिए आवेदन पर निर्धारित शुल्क लेकर ही नया कनेक्शन इस योजना का फायदा उठाने दिया जा सकेगा। प्रोजेक्टस से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक जिन उपभोक्ताओं ने 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए कनेक्शन लेने आवेदन नहीं किया है, उनमें सदरबाजार, गोलबाजार, रवि भवन, मालवीय रोड, स्टेशन रोड और मौदहापारा के इलाके शामिल हैं।

## तोमर सूदखोरी, एक्सटार्सन और आर्म्स एक्ट में बुक, पैसों का हिसाब अभी भी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

सूदखोरी के धंधे से रईसों की जिंदगी जीने वाले सूदखोर भाई वीरेंद्र तथा रोहित तोमर में से पुलिस अब तक विरेंद्र को गिरफ्तार कर पाई है, उसके छोटे भाई की पुलिस अब तक पतासाजी नहीं कर पाई है। वीरेंद्र की गिरफ्तारी उसके खिलाफ पुरानी बस्ती थाने में दर्ज सूदखोरी, एक्सटार्सन तथा अर्म्स एक्ट के प्रकरण में हुई है। पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन के अनुसार रोहित की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीम गठित की गई है। रोहित के छिपने के संभावित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि अब तक की पूछताछ में वीरेंद्र ने पैसों की उगाही और रकम की सही जानकारी नहीं दिया है। वीरेंद्र तोमर पूछताछ में पुलिस को कोई विशेष मदद नहीं कर रहा। वीरेंद्र से रोहित के बारे में जानकारी जुटाने पुलिस ने पूछताछ की, तो उसने पुलिस को केवल इतनी ही जानकारी दी है कि दो माह से उसका उसके भाई के साथ किसी तरह से संपर्क नहीं हो पाया है। इस कारण उसने रोहित के बारे में पुलिस को कोई भी जानकारी दे पाने की बात से इनकार किया। सूदखोरी से अर्जित संपत्ति को विरेंद्र अपनी मेहनत की कमाई साबित करने पुलिस के सामने कई मनढ़ंत स्टोरी बता रहा है।

- वर्ष 2021 में जयदीप को 18 लाख कर्ज देकर दोनों भाइयों ने वसूले थे 54 लाख

### अंडा ठेला, ऑटो, फल कारोबार बना सूदखोरी का माध्यम

वीरेंद्र तोमर से पूछताछ में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक दोनों भाई टिकरपारा थाना क्षेत्र के पुजारी नगर में किराए के मकान में रहते थे। किराए पर रहते हुए दोनों भाई अंडा ठेला लगाकर जीवन यापन करते थे। इसके बाद दोनों भाइयों ने किराए पर ऑटो लेकर ऑटो चलाया। इसके बाद खुद का ऑटो खरीदा। ऑटो चलाने के बाद दोनों भाई फल का कारोबार करने लगे। फल कारोबार से प्राप्त आय से दोनों भाई ब्याज के धंधे में उतरे।

### खोमचा, ठेला से सूदखोरी के धंधे में कूदे

पूछताछ में वीरेंद्र ने जैसे पुलिस को बताया है, उसके मुताबिक फल कारोबार करने के दौरान उनके पास कुछ पैसे जमा हुए। जमा पैसे दोनों भाइयों ने ठेला, खोमचा वालों को ऊंची ब्याज दर पर उधार दिया। इसी के साथ ही अन्य जरूरतमंदों को ब्याज में पैसा देने लगे। दोनों भाई उन्हीं लोगों को ब्याज में रुपए देते थे, जिन्हें वे डरा धमकाकर मूलधन, ब्याज के साथ कई गुना ज्यादा पैसे वसूल कर सकें।

## रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिली नई सुविधा

रायपुर। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए अब प्लेटफॉर्म क्रमांक 7 पर दो नए एस्केलेटर शुरू हो गए हैं। ये एस्केलेटर स्टेशन के नए फूट ओवरब्रिज के पास लगाए गए हैं, जिससे अब यात्रियों को प्लेटफॉर्म बदलने में आसानी होगी। एस्केलेटर की सुविधा का उद्घाटन रायपुर मंडल रेल प्रबंधक दयानन्द ने किया। इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल, मंडल विद्युत इंजीनियर विवेक पटेल और वरिष्ठ मंडल इंजीनियर उत्कर्ष पांडेय समेत रेलवे के कई अधिकारी मौजूद रहे।


**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर**

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, राजधानी परियोजना संभाग नवा रायपुर अटल नगर अंतर्गत स्व वित्तीय योजनांतर्गत धरमपुरा फेस-2 रायपुर में 149 नग ई.डब्ल्यु.एस. स्वतंत्र भवनों के लिए जल आपुर्ति प्रणाली हेतु पंप पैनल और वाल्व की आपूर्ति, स्थापना, चालू करना और परीक्षण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारो से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है तथा अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, राजधानी परियोजना संभाग-नवा रायपुर अटल नगर के फोन नं. 94242-09041 पर संपर्क करें।

स-45890 **कार्यपालन अभियंता**



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**// निविदा निरस्त करने हेतु संशोधन सूचना //**

इस कार्यालय की निविदा सिस्टम क्रं. 249/177857 ज्ञाप क्रं. 7819/सा./2025 दुर्ग दिनांक 11.11.2025 जिसका जी क्रं. 252604705 का अपरिहार्य कारणों से निविदा निरस्त किया जाता है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग**
**दूरभाष - 0788-2210876**

जी- 252604705/1



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, वि./यां. भारी संयंत्र संभाग, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

ज्ञाप क्रमांक 2643/ व.ले.लि./25-26 रायपुर, दिनांक 11/11/2025

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्र. 05/व.ले.लि./2025-26, दिनांक 07.10.2025 निविदा सिस्टम क्रमांक-177149 (द्वितीय आमंत्रण) में योग्य निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण उक्त निविदा को निरस्त किया जाता है। जिसका जी नम्बर 252604022/4 है।

**कार्यपालन अभियंता,**
**वि./ यां. भारी संयंत्र संभाग,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

जी- 252604685/4



**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh Shankar Nagar, Raipur**
**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर**

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email:scertcg@gmail.com

पत्र क्र./CGTET/परीक्षा/2025/3696/ रायपुर, दिनांक 12/11/2025

**//सूचना//**

**छ.ग. शिक्षक पात्रता परीक्षा (CGTET-2025) का आयोजन**

छ.ग. शिक्षक पात्रता परीक्षा (CGTET-2025) का आयोजन छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल के माध्यम से दिनांक 01.02.2026 को किया जाना है। उक्त परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु व्यापम की वेबसाइट www.vyapam.cgstate.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

**(के. कुमार)**
**संयुक्त संचालक**
**एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग., रायपुर**

सं.45888



**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक /Q/तह./वा0/2025, बिलासपुर दिनांक 07/11/2025
रा.प्र.क्र................../अ-19/2025-26

ग्राम महमंद प.ह.नं. 44 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक छ.ग. स्टे.पॉ.डि.कं.लि. बिलासपुर के नगर संभाग (एक) के अंतर्गत सिरगिट्टी जोन कार्यालय में 33/11 के.व्ही. नवीन उपकेन्द्र ग्राम महमंद मे प्रस्तावित है। जिसके लिये सरपंच ग्राम पंचायत, महमंद द्वारा विधिवत प्रस्ताव पारित कर महमंद हाई स्कूल शा. उच्च. माध्य. शाला के पीछे खसरा 62/1 के महमंद तालाब के समीप शासकीय भूमि लगभग 0.5 एकड (40मीटर×50 मीटर) विद्युत सब स्टेशन निर्माण हेतु प्रस्ताव पारित किया गया है। भूमि को कंपनी को कंपनी उपकेन्द्र निर्माण हेतु आवंटन किये जाने पत्र प्राप्त हुआ है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 25/11/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 07/11/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

सं.45863



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. / निर्माण/2025 दिनांक 03.11.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत दर्री जोन अंतर्गत 32 शासकीय स्कूलों में बालक-बालिका शौचालय का निर्माण कार्य (जिला खनिज न्यास मद) (प्रथम निविदा) | 160.00 | 24.11.2025 (T.No. 178666) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

**अधीक्षण अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**



**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (ISO 9001: 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur (C.G.) -492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N,
GST Reg. No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in, csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER [2nd Call]**
**(Fhrough e-Procurement Portal Only)**
**NIT No. 27/CSIDC/E.E./Division-III/2025-26**
**Raipur, Dated 10/11/2025**

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender for the following works:-

| S. No. | Name of Work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Probable Amount of Contract (PAC) (INR Crore) | Last Date for Sub-mission of Tender |
|---|---|---|---|---|
| A | Infrastructure development works i/c roads, drainage, culverts, water supply system & street light for Proposed New Industrial area at village-Bhalu Jhulan, Tehsil-Kurud, District-Dhamtari (C.G.) | Class-B & Above | 7.94 | 25.11.2025 |
| B | Infrastructure development works i/c roads, drainage, culverts, water supply system & street light for Proposed New Industrial area at village-Kareli Badi, Tehsil-Magarlod, District-Dhamtari (C.G.) | Class-B & Above | 8.67 | 25.11.2025 |

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 11/11/2025 Time 17:01 and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:** The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18004199140 (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@ cgswan.gov.in.

**कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखे www.csidc.in**

**S.- 45874** **Executive Engineer (Division-III)**



**कार्यालय अस्पताल अधीक्षक**
**डी. के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेन्टर**
**डी.के.एस. भवन रायपुर (छ.ग.)**
**Email-dkspgi@gmail.com Ph-07714061619**

**सूचना**

दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र, रायपुर (छ.ग.) में सहायक प्राध्यापक एवं सीनियर रेसीडेंट के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यूह अधीक्षक कार्यालय में दिनांक 17/11/2025 दिन सोमवार को 12:30 बजे आयोजित किया जा रहा है। रिक्त पदों की जानकारी निम्नानुसार है-

| क्र. | पदनाम | योग्यता | विभाग | कुल रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्राध्यापक | NMC के मापदण्डों के अनुसार | एनेस्थेसिया, मेडिसीन, न्यूरोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी विभाग | 04 |
| 2 | सीनियर रेसीडेंट | NMC के मापदण्डों के अनुसार | बर्न एण्ड प्लास्टिक सर्जरी विभाग, गैस्ट्रो सर्जरी विभाग, नेफोलॉजी विभाग, न्यूरोलॉजी विभाग, यूरोलॉजी विभाग, न्यूरो सर्जरी विभाग | 05 |
| | | | कुल पद | 09 |

नोट:- 1. संविदा भर्ती में शासन द्वारा जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा। 2. पद रिक्त होने की स्थिति में रिक्त पदों की संविदा भर्ती प्रतिमाह के प्रथम सोमवार को वॉक-इन-इन्टरव्यूह के माध्यम से लिया जावेगा। यदि उस दिनांक को शासकीय अवकाश होने पर उसी पद का अगले दिन वॉक-इन-इन्टरव्यूह लिया जावेगा। 3. विस्तृत जानकारी डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेन्टर, रायपुर के वेब साइड www.dkspgi.in पर उपलब्ध हैं।

**अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडेमिक इंचार्ज**
**डी. के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्युट**
**एवं रिसर्च सेंटर, रायपुर (छ.ग.)**

जी. 252604701/2



**कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़**
**स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002**

क्रमांक/8766/छात्र/काउंसिलिंग/संचिशि/2025 रायपुर, दिनांक 10/11/2025

**एम.पी.टी. (MPT) पाठ्यक्रम, प्रवेश वर्ष 2025 हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया के लिए आवेदन आमंत्रण सूचना**

एम.पी.टी. (Master of Physiotherapy) पाठ्यक्रम, प्रवेश वर्ष 2025 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निजी फिजियोथेरेपी कॉलेज अपोलो कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी, अंजोरा, दुर्ग में उपलब्ध एम.पी.टी. सीटों के लिए राज्य स्तरीय ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया आमंत्रित किए जा रहे हैं। ऐसे अभ्यर्थी जो एम.पी.टी. पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे निम्न समय-सारणी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

| क्र. | प्रक्रिया | वितरण |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन शुल्क (Non Refundable) | राशि रू. 2,000/-(रू. दो हजार मात्र) |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ तिथि | दिनांक 12 नवम्बर 2025 समय (Server Time) 11.00 Hrs. (11:00 AM) से |
| 3 | ऑनलाईन आवेदन अंतिम तिथि | दिनांक 17 नवम्बर 2025 समय (Server Time) 23.59 Hrs. (11:59 PM) तक |
| 4 | च्वाइस फिलिंग एवं लॉकिंग (Choice Filling and Locking) | दिनांक 12 नवम्बर 2025 समय (Server Time) 11.00 Hrs. (11:00 AM) से दिनांक 18 नवम्बर 2025 समय (Server Time) 23.59 Hrs. (11:59 PM) तक |

ऑनलाईन आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं सूचना बुलेटिन (Information Bulletin) हेतु वेबसाइट www.cgdme.in एवं https://cgdme.admissions.nic.in/ का अवलोकन करें।

(आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

**अध्यक्ष,**
**काउंसिलिंग समिति,**
**संचालनालय चिकित्सा शिक्षा (छ.ग.)**

जी. 252604696/2


## राशिफल

**मेष** - किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। भाई-बहनों के सहयोग से कारोबार का विस्तार होगा।

**वृष** - शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। धन की प्राप्ति होगी। धैर्यशीलता बढ़ाने का प्रयास करें। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**मिथुन** - शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। नौकरी में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। धन की प्राप्ति भी होगी। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे।

**कर्क** - शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार का विस्तार होगा। अचानक धन लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**सिंह** - परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कन्या** - शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन भी बन सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**तुला** - नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाणी में सौम्यता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**वृश्चिक** - पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत रहें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**धनु** - आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। लंबे समय से रुके हुए कार्य बनेंगे।

**मकर** - लाभ में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों से व्यवहार ठीक रखें।

**कुंभ** - तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**मीन** - दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

## शब्द पहेली - 6046



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 6045 का हल



## सूडोकु नवताल - 6056

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6055 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## खबर संक्षेप

### एशियन पेंट्स के लाभ में 46.8 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** एशियन पेंट्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 46.8 प्रतिशत बढ़कर 1,018.23 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बुधवार को 2025-26 की जुलाई-सितंबर के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 693.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2025- 26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की बिक्री से प्राप्त आय 6.38 प्रतिशत बढ़कर 8,513.70 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 8,003.02 करोड़ रुपये थी। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एशियन पेंट्स का कुल व्यय 7,376.69 करोड़ रुपये रहा।

### रुपया 16 पैसे टूटकर 88.66 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया बुधवार को 16 पैसे टूटकर 88.66 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर नई संभावनाओं और अमेरिका में लंबे समय से जारी 'शटडाउन' के समाधान की उम्मीदों ने निचले स्तर पर घरेलू मुद्रा को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.61 पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 88.56 प्रति डॉलर के उच्च और 88.66 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छुआ। अंततः यह 88.66 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे की गिरावट है।

### स्पाइसजेट का घाटा बढ़कर हुआ 635 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** घरेलू एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट का शुद्ध घाटा बढ़कर 635.42 करोड़ रुपये हो गया। 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी को 447.54 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। विदेशी विनिमय नुकसान को हटाकर स्पाइसजेट को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 447.70 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ। जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 424.26 करोड़ रुपये था। स्पाइसजेट को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में उसका वित्तीय प्रदर्शन सकारात्मक रहेगा। स्पाइसजेट को बंद पड़े विमानों के बेड़े से संबंधित 120 करोड़ रुपये और सेवा में वापस आने वाले विमानों के संबंध में 30 करोड़ रुपये का खर्च उठाना पड़ा।

### बिलियनब्रेन्स का निर्गम 14 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** शेयर ब्रोकिंग इकाई ग्रो की मूल कंपनी बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 100 रुपये से 14 प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 114 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसने 12 प्रतिशत चढ़कर 112 रुपये पर शुरुआत की। शुरुआती सौदों के बाद बीएसई और एनएसई पर शेयर 19.52 प्रतिशत चढ़कर क्रमशः 119.52 रुपये और 118.92 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया। एनएसई पर कंपनी का बाजार मूल्यांकन 73,786.83 करोड़ रुपये रहा। बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गत शुक्रवार को शेयर बिक्री के अंतिम दिन कुल 17.60 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ 1,060 करोड़ रुपये के नए शेयर और 55.72 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन था।

# भारत की जीडीपी 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। इसमें निजी खपत वृद्धि प्रमुख चालक होगी। वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (सितंबर) में भारतीय अर्थव्यवस्था 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के चालू वित्त वर्ष में पांच तिमाहियों में सबसे तेज गति से 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। वास्तविक जीडीपी, आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित होती है।

- जीडीपी की बढ़ोतरी में निजी खपत वृद्धि प्रमुख चालक होगी

## इंडिया रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही के लिए लगाया अनुमान

### निजी खपत सालाना आधार पर 8 फीसदी बढ़ेगा

एजेंसी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में निजी खपत सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ेगी। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह सात प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत थी।

### निवेश की मांग मजबूत दर से बढ़ी

बयान के अनुसार, दूसरी तिमाही में निवेश की मांग सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ी है। अनिश्चितता के दौर में निवेश की मांग को बढ़ाने में स्थिर सरकारी पूंजीगत व्यय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।




### आयकर कटौती से उपभोग मांग को बल मिला

रेटिंग एजेंसी ने कहा, " वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में घोषित आयकर कटौती से भी उपभोग मांग को बल मिला। अगर माल एवं सेवा कर (जीएसअी) की दरों को युक्तिसंगत बनाने के कारण खरीदारी के फैसले स्थगित नहीं किए गए होते तो निजी उपभोग और भी तेजी से बढ़ता।"

### 28 नवंबर को जारी होंगे जीडीपी के आंकड़े

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) 28 नवंबर को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के जीडीपी वृद्धि अनुमानों पर आधिकारिक आंकड़े जारी करेगा। रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत पर मजबूत बनी रहेगी।

### विनिर्माण क्षेत्र अनुकूल बना हुआ

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक पारस जसराय ने कहा, " मांग पक्ष से निजी खपत, उच्च तथा निम्न आय वाले परिवारों दोनों की स्थिर वास्तविक आय में बढ़ोतरी के कारण वृद्धि का एक प्रमुख चालक है।" उन्होंने कहा, " विनिर्माण क्षेत्र में अनुकूल आधार-आधारित माल निर्यात वृद्धि के साथ-साथ मजबूत सेवा क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के दौरान आपूर्ति पक्ष से जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा दिया।"

## निवेशकों की संपत्ति में 4.63 लाख करोड़ रुपए का इजाफा

# शेयर बाजार में तेजी से निवेशक झूमे, सेंसेक्स 595 अंक व निफ्टी 25,850 अंक के पार

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार तीसरे दिन बुधवार को जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 189 अंक की तेजी रही। निवेशकों की संपत्ति में करीब 4.63 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच आईटी तथा टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में तेजी बनी रही। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के कामकाज ठप होने के संभावित समाधान और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से बाजार धारणा को मजबूती मिली।

### एक समय 781 अंक की बढ़त थी सेंसेक्स में

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक की बढ़त के साथ 84,466.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.69 अंक चढ़कर 84,652.01 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 180.85 अंक चढ़कर 25,875.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 239.6 अंक तक चढ़ गया था।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद बढ़ी

*एचडीएफसी सिक्योरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट नंदीश शाह ने कहा, ''निफ्टी ने लगातार तीसरे सत्र में अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा और अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद के कारण 180 अंक बढ़कर 25,875 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक 140 अंक की मजबूत बढ़त के साथ खुला और पूरे दिन अपनी बढ़त बनाए रखी।''*



### फेड के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद बढ़ी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिकी सरकार के कई विभागों में कामकाज ठप होने के संभावित समाधान को लेकर उम्मीद बढ़ने और अमेरिकी श्रम बाजार में नरमी के संकेतों के बीच फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के साथ, नए जोखिम उठाने की क्षमता के कारण वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी आई।''

- आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में रही तेजी
- वैश्विक बाजारों में भी आईटी कंपनियों के शेयरों में रही बूम
- बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार तीसरे दिन जारी रहा

### टाटा स्टील रहा नुकसान में

दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और पावरग्रिड शामिल हैं।

### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

बीएसई में सूचीबद्ध कुल 2,509 शेयरों में तेजी रही, जबकि 1,701 में गिरावट आई। वहीं 163 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की बढ़त में रहे, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा।

### ब्रेंट क्रूड के भाव में गिरावट दर्ज

*वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.84 प्रतिशत घटकर 64.61 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 803.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,188.47 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 335.97 अंक चढ़ा था जबकि एनएसई निफ्टी में 120.60 अंक की तेजी थी।*

### एशियन पेंट्स में रहा लाभ

*सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मास्युटिकल, इटर्नल, टाइटन और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे।*

# सोने में 2,000 रुपए की तेजी और चांदी 5,540 रुपए उछली

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना बढ़कर हुआ 1,27,900 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी 1,61,300 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंची

मजबूत वैश्विक रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 2,000 रुपये बढ़कर 1,27,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सराफा संघ यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जबकि सोमवार को इसका का भाव 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। पिछले दो सत्रों में सोने की कीमत में 3,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है।

स्थानीय सराफा बाजार में सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 1,25,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए विस्फोट के बाद मंगलवार को सराफा बाजार बंद रहे। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और अनुसंधान विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों के लगभग 4,100 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर स्थिर रहने के कारण सोने में एक और सत्र के लिए सकारात्मक कारोबार हुआ।''

### चांदी विदेशी बाजार में रही तेज

इस बीच, बुधवार को चांदी की कीमत भी 5,540 रुपये बढ़कर 1,61,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सराफा संघ के अनुसार, सोमवार को चांदी 1,55,760 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना 4,127.59 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा, जबकि हाजिर चांदी 0.86 प्रतिशत बढ़कर 51.66 डॉलर प्रति औंस हो गई।

### अमेरिका में शटडाउन खत्म होने की उम्मीद

त्रिवेदी ने कहा, ''अमेरिकी सरकार के 'शटडाउन' के खत्म होने की संभावना की उम्मीदों से निवेशकों की कारोबारी धारणा को मजबूती मिल रही है, क्योंकि इससे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी हो सकेंगे, जो दिसंबर की बैठक में फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों के अनुमान के लिए अहम हैं।''

- लगभग 59 प्रतिशत कंपनियां सबसे पहले कौशल देख रही

# कंपनियां हुनरमंद कर्मचारियों को नियुक्ति में दे रही तरजीह

एजेंसी ⏭ मुंबई



नियोक्ता अब हुनर को प्राथमिकता दे रहे हैं। लगभग 59 प्रतिशत कंपनियां 'सबसे पहले कौशल' दृष्टिकोण अपना रही हैं जो पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। पारंपरिक 'रिज्यूमे' आधारित भर्ती प्रक्रिया से हटते हुए अब अधिक कंपनियां 'स्किल-फर्स्ट' यानी नियुक्ति में हुनर को प्राथमिकता दे रही हैं। कृत्रिम मेधा-समर्थित कौशल आकलन मंच 'इक्विप' की 'स्किल-फर्स्ट हायरिंग' रिपोर्ट के अनुसार 59 प्रतिशत कंपनियां कौशल-आधारित भर्ती दृष्टिकोण अपना रही हैं। यह पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत और 2022 से 78 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया कि कृत्रिम मेधा (एआई) उपकरणों की मदद से वास्तविक कौशल का बड़े पैमाने पर मूल्यांकन आसान हो गया है जिससे पारंपरिक 'रिज्यूमे' आधारित भर्ती प्रक्रिया की जगह कौशल-आधारित मूल्यांकन ने ले ली है।

## पराग मिल्क फूड्स का लाभ बढ़कर 45.65 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 56.28 प्रतिशत बढ़कर 45.65 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में मुनाफा 29.21 करोड़ रुपये रहा था। पराग मिल्क फूड्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल आय 15.58 प्रतिशत बढ़कर 1,025.98 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 887.61 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन अवधि में व्यय सालाना आधार पर 852.04 करोड़ रुपये से बढ़कर 975.49 करोड़ रुपये हो गया। पुणे स्थित यह कंपनी गोवर्धन, गो, प्राइड ऑफ काऊज जैसे ब्रांड नामों से दूध और उससे बने उत्पाद बेचती है।

# अशोक लेलैंड का लाभ दूसरी तिमाही में बढ़कर 820 करोड़




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सात प्रतिशत बढ़कर 820 करोड़ रुपये रहा। लाभ में यह वृद्धि विभिन्न खंडों में मजबूत बिक्री के कारण हुई है। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 767 करोड़ रुपये रहा था।

उसकी परिचालन आय एकीकृत आधार पर बढ़कर 12,577 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 11,142 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि दूसरी तिमाही में एमएचसीवी (मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन) और एलसीवी (हल्के वाणिज्यिक वाहन) दोनों खंड में सकारात्मक वृद्धि रही। अशोक लेलैंड ने कहा कि दूसरी तिमाही में उसके मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन खंड में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 25,542 इकाई से बढ़कर 26,307 इकाई हो गयी।

# नौकरी बाजार में सुधार के स्पष्ट संकेत : रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



देश में एक साल की सुस्त एकल अंक की वृद्धि के बाद नियुक्ति की मंशा दोहरे अंक में 11 प्रतिशत पर लौट आई है। यह पिछले साल 9.75 प्रतिशत थी जिसे क्षेत्रीय विस्तार से समर्थन मिला है। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से डिजिटल भर्ती मंच 'टैग्ड' द्वारा जारी 'इंडिया डिकोडिंग जॉब्स' 2026 रिपोर्ट के अनुसार, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा (बीएफएसआई), विनिर्माण और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्र भर्ती की गति को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। टैग्ड के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) देवाशीष शर्मा ने कहा, '' यह पुनरुत्थान डिजिटल क्रांति, औपचारिकता और क्षेत्रीय विस्तार द्वारा संचालित पुनर्प्राप्ति से पुनर्निर्माण की ओर बदलाव को दर्शाता है।'' रिपोर्ट का यह संस्करण 21 उद्योगों के लगभग 300 से अधिक प्रतिभावान दिग्गजों से प्राप्त अंतर्दृष्टि को एकत्रित करता है तथा भारत की नौकरी एवं प्रतिभा की कहानी का डेटा-समर्थित दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। रिपोर्ट के अनुसार, कृत्रिम मेधा (एआई), संगठनों में नियुक्ति के तरीके को बदल रहा है। 60 प्रतिशत भर्तीकर्ता इसका उपयोग 'रिज्यूमे स्क्रीनिंग' के लिए और 45 प्रतिशत साक्षात्कार स्वचालन के लिए करते हैं। परिणामस्वरूप एआई-संबंधित कौशल अब भर्ती में उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने कि अन्य उद्योगों में।

### नियोक्ता को क्लाउड व साइबर सुरक्षा उम्मीदवारों की तलाश

इसमें कहा गया कि नियोक्ता डिजिटल एवं डेटा विशेषज्ञों, कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग इंजीनियर और स्थिरता विशेषज्ञों के साथ-साथ जेनएआई, क्लाउड कंप्यूटिंग व साइबर सुरक्षा जैसी प्रौद्योगिकियों में कुशल उम्मीदवारों की तलाश कर रहे हैं।

## रिलायंस इंफ्रा का मुनाफा 50 फीसदी घट 1911 करोड़




**नई दिल्ली।** रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 50 प्रतिशत घटकर 1911.19 करोड़ रुपये रह गया। पिछले साल समान अवधि में उसका मुनाफा 4,082.53 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय जुलाई-सितंबर 2025 में सालाना आधार पर 7,345.96 करोड़ रुपये से घटकर 6,309.48 करोड़ रुपये रह गई। व्यय भी घटकर 5,991.49 करोड़ रुपये रह गया जो एक साल पहले इसी अवधि में 6,450.38 करोड़ रुपये था।

## कार्यालय नगर पंचायत बरेला, जिला - मुंगेली (छ.ग.)

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 243/स्व.भा.मि. 2.0/2025-26 बरेला, दिनांक 11/11/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | Bid Due Date |
|---|---|---|---|
| 179261 | Design, Construction, Testing, Commissioning and setting up of Material Recovery Facility (MRF) & Compost Plant in Municipal Areas of Barela, Chhattisgarh (3rd call) | 53.72 | 28.11.2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा वेबपोर्टल दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बरेला

## कार्यालय नगर पंचायत मल्हार जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

क्र./1644/ न.पं./2025-26 मल्हार, दिनांक 11/11/2025

### // तृतीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पंचायत मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु लोक निर्माण विभाग के एसओआर (भवन व सड़क निर्माण कार्य) दिनॉक 01.01.2015 एवं इलेक्ट्रिकलस एस.ओ.आर. 01.06.2020 अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | सिस्टम टेंडर क्र | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 179211 | मंगल भवन का उन्नयन कार्य तथा सी.सी. रोड पेव्हर ब्लाक व किचन शेड निर्माण कार्य! (RS. 30.90 Lac) (% Rate) (3rd Call) | 11.11.2025 / 17:00 बजे से | 27.11.2025 / 17:30 बजे तक | 01.12.2025 / 16:00 बजे | 01.12.2025 /16:30 बजे |
| 2 | 179216 | मुक्तिधाम में अहाता निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक-09 (RS. 21.68 Lac) (% Rate) (3rd Call) | 11.11.2025 / 17:00 बजे से | 27.11.2025 / 17:30 बजे तक | 01.12.2025 / 16:15 बजे | 01.12.2025 /16:45 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं एवं Main Portal; https://eproc.cgstate.gov.in/www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध हैं।

-:: सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग प्रतिबंध है उपयोग नही करें पर्यावरण स्वच्छ बनाये जुर्माने से बचे ::-

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड,

कार्यालय मुख्य अभियंता (परियोजना) (छ.रा.वि.मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी) (छ.ग. शासन का एक उपक्रम)
दूरभाष क्रमांक 0771–2574209,4238,4214,6585 फैक्स – 0771–2574246

क्रमांक : मु.अभि./परियोजना/निविदा–25–06/1781 रायपुर, दिनांक 10.11.2025

### //निविदा आमंत्रण सूचना//

मुख्य अभियंता (परियोजना) छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर कार्यालय में निम्नानुसार कम्प्यूटर आपरेटर और भृत्यों को बाह्य स्त्रोत से अनुबंधित करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र | निविदा क्रमांक | विवरण | संख्या (नग) | निविदा पत्र की कीमत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा खुलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रमांक 25/06 दिनांक 10.11.2025 | कम्प्यूटर आपरेटर | 07 | 2000/– (18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित) | 25000.00 (रू. पच्चीस हजार मात्र) | 03.12.2025 |
| | | भृत्य | 04 | | | |

निविदा प्रपत्र मुख्य अभियंता (परियोजना) कार्यालय से निविदा की कीमत जमा कर दिनांक 02.12.2025 को सायं 05.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की कार्यालयीन वेबसाइट से आवश्यक राशि के भुगतान के साथ डाउनलोड भी किया जा सकता है। अन्य शर्ते निविदानुसार रहेगी।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें

मुख्य अभियंता (परियोजना)
छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

## कार्यालय नगर पंचायत, मारो, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

क्रमांक / 809 / लो.नि.वि./ न.पं. / 2025 **मैनुअल पद्धति निविदा सूचना (प्रथम)** मारो, दिनांक 12/11/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग सड़क/भवन/एस.ओर.आर. 01.01.2015 एवं पी.एच.ई. के एस.ओ.आर. 01.06.2020 के दर से कम/सामान/अधिक प्रतिशत दर पर 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत निम्नांकित कार्य हेतु दिनांक 04/12/2025 को कार्यालयीन अवधि समय 03.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय में निविदा प्रपत्र आवेदन करने की अंतिम तिथि | - | 24/11/2025 कार्यालयीन अवधि तक |
| 2 | पात्र आवेदनकर्ता हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | - | 26/11/2025 अपरान्ह 03.00 बजे तक |
| 3 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | - | 04/12/2025 अपरान्ह 03.00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | - | 04/12/2025 अपरान्ह 04.00 बजे के बाद |

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (लाख) में |
|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत मारो में विभिन्न वार्डों में कुल 13 निर्माण कार्य आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं पाईप लाईन स्थापना कार्य। | 43.25 |

**टीप :-** नियम एवं शर्तेः- निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा/डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदा में संशोधन होने की स्थिति में विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अपलोड की जावेगी, जिसकी सूचना दैनिक समाचार पत्र में पृथक से नहीं दी जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मारो

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मोतियाबिंद ऑपरेशन के...

दिखने और दर्द होने की शिकायत की। इसके बाद विभागीय टीम शिविर में ऑपरेशन कराने वाले सभी मरीजों के घर पहुंची। सभी को बीजापुर अस्पताल लाकर जांच की गई, जिसमें से 9 मरीजों की आंखों की रोशनी कम होने के साथ दर्द और सूजन के लक्षण दिखाई पड़े। विभाग ने एहतियात बरतते हुए मामला बिगड़ने की आशंका पर सभी को शासकीय एंबुलेंस में आंबेडकर अस्पताल रेफर कर दिया। आंबेडकर अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में डाक्टरों की टीम ने इन मरीजों की जांच की, जिसमें एक मरीज को छोड़कर बाकी की आंखों में इंफेक्शन का पता चला है। शिकायत के आधार पर उनकी आंखों में हुए सूजन को कम करने इलाज शुरू किया गया है। सूजन कम होने के बाद आवश्यकता के अनुसार उनका इलाज किया जाएगा और तभी यह स्पष्ट होगा कि संक्रमण ने आंखों की रोशनी को कितना प्रभावित किया है। **दवा डालने में लापरवाही की आशंका**-बीजापुर के सीएमएचओ डा. बीआर पुजारी ने कहा कि सर्जरी के पहले ऑपरेशन थियेटर का कल्चर टेस्ट किया गया था। नेत्र चिकित्सकों ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सर्जरी की थी। पहले फॉलोअप कोई समस्या नहीं थी, दूसरी बार में दो लोगों आंख लाल होने के बारे में बताया था। प्रारंभिक जांच के बाद तीन मरीजों को रेफर किया जाना था, मगर अन्य मरीज भी आंबेडकर अस्पताल जाने को तैयार हो गए। भेजे गए एक मरीज की आंखों में ज्यादा संक्रमण है जिसकी जांच के बाद सपष्ट होगा कि रोशनी पर कितना असर हुआ है। आशंका है कि इन्होंने दवा डालने में लापरवाही की होगी।

### दंतेवाड़ा में 13 की...

बंद हो गया। यहां के डाक्टरों की टीम ने लंबे समय तक इलाज के बाद सभी के संक्रमण को नियंत्रित किया था। सौभाग्य से किसी की आंखों की रोशनी नहीं गई थी। इस मामले में लापरवाही के बाद वहां के डॉक्टर समेत तीन लोगों को सस्पेंड किया गया था।

### दिल्ली ब्लास्ट आतंकी...

'जेईएम' यानी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा हुआ था। उसे लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए धमाके में मारा गया माना जा रहा है, जिसमें 12 लोगों की जान गई। यह नेटवर्क जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश तक फैला था। डॉ. उमर नबी धमाके से पहले कई जगह घूमते रहा और उसकी हालिया गतिविधियों का एक रोड मैप मिला है। इससे पता चलता है कि इस हमले की तैयारी काफी पहले से ही शुरू हो गई थी। फिलहाल तक की जांच के अनुसार माना जा रहा है 26 अक्तूबर को उमर कश्मीर गया। यहां वो अपने मित्रों व रिश्तेदारों के साथ कुछ दिन रुका। यहां उसने अपने करीबियों को बताया कि वह अगले तीन महीने उपलब्ध नहीं रहेगा। इसके बाद वह वापस फरीदाबाद आया और अल-फलाह विश्वविद्यालय के कैंपस के आसपास अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम नाइट्रेट व सल्फर जैसी सामग्री जुटाकर छिपाई। फिर 10 नवंबर की शाम वह पुरानी दिल्ली के वॉल्ड सिटी की एक मस्जिद में करीब तीन घंटे तक छिपा रहा। माना जा रहा है कि मस्जिद से निकलने के बाद वह अपनी हुंडई आई-20 लेकर चला और कुछ ही देर में लाल किले के पास उमर ने गाड़ी में घबराकर धमाका कर दिया।

### खुद कार चलाकर...

पहले कुछ जांचों के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था और आज उन्हें छुट्टी दे दी गयी। हालांकि, उनके परिवार और अस्पताल के अधिकारियों ने इन जांचों या उनकी स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। धर्मेंद्र के परिवार ने एक बयान जारी कर 'निजता का सम्मान' करने का आग्रह किया है और लोगों को यह याद दिलाते हुए उनके प्रति सम्मान रखने की अपील की गई है कि वह आपसे प्यार करते हैं। धर्मेंद्र अपने अधिकतर इंस्टाग्राम वीडियो में प्रशंसकों के लिए अंत में इसी तरह का संदेश देते हैं। उनके बेटे सनी देओल के जनसंपर्क प्रतिनिधि ने एक बयान में कहा, धर्मेंद्र जी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और वह घर पर ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करेंगे। हम मीडिया और आम जनता से अनुरोध करते हैं कि वे आगे कोई भी अटकल लगाने से बचें और इस दौरान उनकी और उनके परिवार की निजता का सम्मान करें। इसमें कहा गया है, हम उनके स्वस्थ होने, अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए सभी के प्यार, प्रार्थनाओं और शुभकामनाओं पर आभार जताते हैं। कृपया उनका सम्मान करें क्योंकि वह आपसे प्यार करते हैं। **गोविंदा अस्पताल से हुए डिस्चार्ज** -अभिनेता धर्मेंद्र के बारे में जब गोविंदा से पूछा गया, जो खुद अस्पताल से डिस्चार्ज हुए हैं। उन्होंने कहा, मैं प्रार्थना कर रहा हूं उनके लिए। हमें भगवान ने एक ऐसी शख्सियत दी है जिसका पूरी दुनिया में नाम है। बहुत ग्रेट पर्सनालिटी है धर्मेंद्र पाजी की। हम पंजाबी जहां भी होते हैं नाम रोशन करते हैं।

### कार के गुप्त...

सफेद रंग की क्रेटा कार क्रमांक एमएच 04 एमए 8035 रायपुर से नागपुर की ओर जा रही है, जिसमें बड़ी मात्रा में नकदी ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में बालोद पुलिस बल द्वारा तत्परता एवं सतर्कता से कार्रवाई करते हुए वाहन का पीछा कर उसे थाना बालोद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पड़कीभाठ के पास रोककर चेक किया गया। जानकारी के आधार पर कार में ले जा रहे तीन करोड़ की रकम बरामद किया है। न्यायिक दण्डाधिकारी की मौजूदगी में कार की तलाशी ली गई। नोट गिनने के लिए पुलिस को एसबीआई से मशीन मंगानी पड़ी। मामले में सभी संबंधित विभाग मिलकर जब्त तीन करोड़ की राशि की वैधता की जांच कर रहे हैं। यहां कार्रवाई करते हुए कार के गुप्त चेंबर से 3 करोड़ नकद और 12 लाख की कार बरामद की है। आरोपी क्रेटा वाहन में छिपाकर भारी नकदी ले जा जा रहे थे। एसबीआई व पुलिस के अधिकारियों के मौजूदगी में नकदी की गिनती की गई।

### ड्राइवर सीट के...

वाहन सवार व्यक्तियों से प्रारंभिक पूछताछ में यह राशि लगभग 3 करोड़ बताई गई।

### वीडियोग्राफी की...

(42) से पुलिस ने धन परिवहन की जब्त में 3 करोड़ नकदी समेत 12 लाख की कार को जब्त किया गया।

### मुठभेड़ में मारी...

आईजी व एसपी की मौजूदगी में किया जाएगा।

### चार दिन से...

अतिरिक्त टीम भेजी गई है, जो इलाके में सर्चिंग कर रही है। इससे पूर्व मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों द्वारा इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाते हुए छह नक्सलियों के शव के अलावा ऑटोमेटिक हथियार इंसास, स्टेनगन, 303 रायफल अन्य हथियार के अलावा विस्फोटक और माओवादी सामग्री मौके से बरामद की गई है। बुधवार को मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के शवों को जिला मुख्यालय बीजापुर में लाया गया है और बचे हुए नक्सलियों के शव की शिनाख्ति का प्रयास किया जा रहा है।

### मंत्रियों की 'क्लास'...

के कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। वहीं आने वाले आयोजनों को लेकर चर्चा की गई है। आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का आयोजन फिर से होने वाला है, इसे लेकर संगठन स्तर पर तैयारी करने के निर्देश दिए है।

### घर में घुसे...

तराईडांड़ की है। यहां निवासरत शत्रुघ्न दास महंत पेशे से किसान है और किराना दुकान का कारोबार भी करता है। बताया जाता है कि शत्रुघ्न दास महंत अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मंगलवार की रात रोज की तरह खान खाकर सो गया था। इस दौरान देर रात लगभग 1 बजे दरवाजा खटखटाने की आवाज सुनकर शत्रुघ्न दास नींद टूटी, उसने घर का दरवाजा खोला। दरवाजा खोलते ही सशस्त्र हथियारबंद डकैतों ने उसकी कनपटी पर कट्टा अड़ा दिया और घर लगभग डेढ़ दर्जन डकैत एक कर घर के भीतर घुसकर घर में मौजूद तीन महिला सहित कुल 11 सदस्यों को बंधक बना लिया और उनके हाथों को रस्सी से बांधकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। डकैतों ने पहले घर के बारे में सारी जानकारी ली कि किस कमरे में क्या सामान है यह जानकारी लेकर घर में रखे आलमारी और दीवान को तोड़कर उसमें रखे डेढ़ लाख रुपये नकद, सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल लेकर फरार हो गए। बुधवार की सुबह डकैती की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, बालको थाना प्रभारी अभिनव कांत सिंह सहित पुलिस के आला अधिकारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन पर अपराधियों की खोजबीन शुरु कर दी है।

### छत्तीसगढ़ को तीन...

में तीसरा स्थान तथा रायपुर के कृष्णा पब्लिक स्कूल को सर्वश्रेष्ठ स्कूल श्रेणी में सम्मानित किया जाएगा।प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक प्रशस्ति पत्र, एक ट्रॉफी और कुछ श्रेणियों में नकद पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2024 का पुरस्कार वितरण समारोह 18 नवंबर 2025 को प्रातः 11:30 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली के प्लेनरी हॉल में आयोजित होगा। इस समारोह में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जल शक्ति मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्तर पर जल प्रबंधन और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक व्यापक अभियान प्रारंभ किया। लोगों में पानी के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करने और उन्हें सर्वोत्तम जल उपयोग प्रथाएँ अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु वर्ष 2018 में राष्ट्रीय जल पुरस्कार की शुरुआत की गई थी। दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार क्रमशः वर्ष 2019, 2020, 2022 और 2023 के लिए प्रदान किए गए। कोविड महामारी के कारण वर्ष 2021 में ये पुरस्कार नहीं दिए जा सके। **जल संरक्षण और कुशल प्रबंधन के प्रति जन-जागरूकता**-जल शक्ति मंत्रालय देश में जल के विकास, संरक्षण और कुशल प्रबंधन के लिए नीतिगत ढांचा तैयार करने और कार्यक्रमों को लागू करने वाला केंद्रीय मंत्रालय है। राष्ट्रीय जल पुरस्कार, सरकार के 'जल समृद्ध भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने हेतु व्यक्तियों और संगठनों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर केंद्रित हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य लोगों में जल के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सर्वोत्तम जल उपयोग प्रथाएं अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह आयोजन देशभर के नागरिकों और संस्थानों को जल संसाधन संरक्षण व प्रबंधन गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता और साझेदारी को प्रोत्साहित करने का अवसर प्रदान करता है।

### अग्रिम जमानत के...

कहा, इस मामले की सुनवाई तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा किए जाने की आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले मामले में सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा को न्यायमित्र नियुक्त किया था। शीर्ष अदालत ने आठ सितंबर को केरल उच्च न्यायालय की अग्रिम जमानत याचिकाओं पर सीधे सुनवाई करने की 'नियमित प्रथा' पर ध्यान दिया था, जिसमें वादी को सत्र न्यायालय में जाने की आवश्यकता नहीं होती। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया था, एक मुद्दा जो हमें परेशान कर रहा है, वह यह है कि केरल उच्च न्यायालय में यह एक नियमित प्रथा है कि वादी द्वारा सत्र न्यायालय का रुख किए बिना ही हाईकोर्ट अग्रिम जमानत आवेदनों पर सीधे विचार कर लेता है। ऐसा क्यों है? इसमें कहा गया था कि पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 में एक पदानुक्रम प्रदान किया गया था। बीएनएसएस की धारा 482 गिरफ्तारी की आशंका वाले व्यक्ति को जमानत देने के निर्देश से संबंधित है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा था, ऐसा किसी और राज्य में नहीं होता। केवल केरल हाईकोर्ट में ही हमने देखा है कि नियमित रूप से (अग्रिम जमानत के लिए) आवेदनों पर सीधे विचार किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी दो व्यक्तियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इन दोनों ने केरल उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अग्रिम जमानत के लिए उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी।

### 15 हजार की...

उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम आरोपी आरईएस एसडीओ को गिरफ्तार कर सरगुजा लाइ है इसके साथ ही उसके संपत्ति की भी जांच की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक एसीबी की कार्रवाई जारी थी।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है,
यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग विभाग हेतु मैन पावर सप्लाई कम्पनी चाहिए हमारे संस्थान में स्वच्छता, रखरखाव कार्य हेतु अनुभवी, विश्वसनीय हाउस कीपिंग सेवा प्रदाताओ से प्रस्ताव आमंत्रित है सम्पर्क करें- 9826300970 (39133)

आवश्यकता है- एलआईसी के साथ बनाये शानदार कैरियर एजेन्ट बने 4 से 6 घण्टे फील्ड कार्य कर 50000 से अधिक कमीशन पायें। फ्री ट्रेनिंग, विस्तृत बेनेफिट पैकेज, फुल टाइम पार्ट टाइम कैरियर पुरस्कार, सम्मान शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती, गृहिणी, कृषक बिजनेस मेन महिला बीमा सखी बनने सम्पर्क करें- अजय कुमार सिंह विकास अधिकारी 98933 11075 (39137)

आवश्यकता है- पराठा, दोसा, एगरोल, पिज्जा, जूस, नारियल पानी, भेल, गुपचुप स्टॉल में काम करने हेतु मिस्त्री एवं हेल्पर (महिला/ पुरुष) चाहिए सम्पर्क करें- मिनी चौपाटी राजीव गाँधी चौक, जरहाभाठा, बिलासपुर 9098859081 (39126)

आवश्यकता है-बिलासपुर की Pvt. Ltd. कम्पनी को टेलीकॉलर, मैनेजर, सोलर तकनीशियन, सोलर आपरेटर, फिल्ड ऑफिसर, सर्वेयर, कांउसलर, कम्प्यूटर आपरेटर, ऑफिस ब्वॉय (प्यून) की आवश्यकता है वेतन 10000 से 35000 सम्पर्क करें- नारायण प्लाजा बिलासपुर 8085045559, 6269222001 (39111)

आवश्यकता हैं
प्राचार्य-1पद (डिप्लोमा इले. बीई इलेक्ट्रीकल)
प्रशिक्षण अधिकारी- 10पद (डिप्लोमा इले+ इले. ITI)
कम्प्यूटर आपरेटर- 5पद (आनलाईन वर्क, कोपा, PGDCA)
चपरासी- 10पद (10वी पास)
साक्षात्कार- दिनांक 15/11/2025 समय 11 से 4बजे
सम्पर्क करें प्राचार्य न्यू महाराणा ITI
लोधीपारा पुराना सरकंडा बिलासपुर
9203905369, 9203914561

आवश्यकता है- थोक गिफ्ट दुकान में कार्य करने हेतु केवल लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सिद्धि विनायक गिफ्ट वृन्दावन परिसर तेलीपारा बिलासपुर 9301832415 (39128)

आवश्यकता है- स्पोर्ट्स शोरूम में काम करने हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर सेल्समैन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री लक्ष्मी स्पोर्ट्स गोंड़पारा बिलासपुर (39127)

आवश्यकता है- PWD रोड एवं WRD लाइनिंग निर्माण कार्य हेतु मुंगेली एवं रायपुर जिलों में कार्य हेतु फ्रेशर एवं अनुभवी 3 सिविल इंजीनियर, 4 सुपरवाइजर, 2 पिकअप ड्राईवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करे- अग्रोहा कॉलोनी रायपुरा रायपुर 8356044287, 7415917778 (39130)

आवश्यकता है- वैलनेस प्रोडक्ट फ्रैंचाइजी में कम्प्यूटर बिलिंग, प्रोडक्ट देने हेतु पुरुष कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 9000 समय सुबह 10 से शाम 7बजे। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- अरपा काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9893081826, 7067124226 (39129)

आवश्यकता है-कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़की एवं लड़को की आवश्यकता है वेतन अनुभव अनुसार सम्पर्क करें- शिवांश वस्त्रालय स्टेट बैंक के पास शिव्या प्लाजा, मंगला, बिलासपुर 6263894545 (39124)

आवश्यकता है- स्वरोजगारी बनें बहुराष्ट्रीय कम्पनी के लिये पार्ट/ फुल टाइम घर से काम का एक अवसर कोई निवेश नही न्यूनतम दो घण्टे, कम्पनी के विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग, मार्गदर्शन। सम्पर्क करें- 8839008253 (39135)

आवश्यकता है- होलसेल बैग दुकान में काम करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं कलैक्शन के लिए लाइनमैन की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- आर.के. बैग, सरजू बगीचा रोड, तेलीपारा, बिलासपुर 9713615767 (39132)

आवश्यकता है- मार्केटिंग केनोपी बैठने के लिए 10 युवतियों (सैलरी+ कमीशन), छोटा हाथी (प्रचार वाहन) चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर एवं ऑफिस स्टॉफ के लिये मैनेजर की आवश्यकता है सम्पर्क करे 9993243498 (39131)

आवश्यकता है-औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 13000 सुपरवाइजर 16000 फील्ड ऑफिसर 15000 कंप्यूटर ऑपरेटर 3, वेतन योग्यता अनुसार (आवास फ्री) सम्पर्क करें- Alert Sgs Private Limited, FF-6 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर 7747000019, 7747000016, 7746000016 (348)

आवश्यकता है-फैक्ट्री मेस में काम करने हेतु खाना मिस्त्री रोटी मिस्त्री, बर्तन धोने वाले, खाना देने वाले, काउन्टर में सम्भालने वाले लड़के चाहिए। रहना खाना फ्री सम्पर्क करें- बिलासपुर 8871824812, 9993334937 (39113)

आवश्यकता है-एलआईसी में महिलाओं के लिए खास बीमा सखी बनने का अवसर। मानदेय 7000 रुपए प्रतिमाह सम्पर्क करें- स्मिता तिवारी दुबे 8839185098 (39122)

आवश्यकता है-माली, गार्ड, ड्राइवर एवं घरेलू कार्य करने के लिए कर्मचारी की आवश्यकता है। परिवार सहित रहने की सुविधा मिल सकती है एवं वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7694006589 (39116)

आवश्यकता है-लेथ मशीन मिस्त्री (अनुभवी) एवं फोरमेन जो कि सभी मशीन चलाना जानता हो सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग कृष्णा जेसीबी के पीछे सिरगिट्टी बिलासपुर 7828070065 (39120)

Requirment-Post Sales Co-ordinator Backoffice Computer Work, Skill Required (1) Knowledge in computer- MS Word, Excel, E-Mail (2) Good Communication Skills. Qualification- Graduate and Above Working Experience 0-5 Year. Contact Details- Flodyne Corporation Plot no. 71B, Industrial Area Sirgitti, Bilaspur 9755637001 (39083)

आवश्यकता है-सौर ऊर्जा पेनल की मार्केटिंग हेतु अनुभवी युवक-10, युवती-10 चाहिए वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क- PRO Solar Energy Company कालिंदी कुंज, किचन गार्डन रेस्टोरेन्ट के पास, गौरव पथ, रिंग रोड-2, बिलासपुर 9302158989 (39121)

आवश्यकता है-बर्तन दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। पढ़े लिखे, अनुभवी। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- इज्जी ट्रेडर्स, वाल्मीकि चौक, शनिचरी बाजार, बिलासपुर 7000174803 (39115)

आवश्यकता है-दो ग्राफिक डिजाइनर की अतिशीघ्र आवश्यकता है जिसे कोरलड्रा, फोटोशॉप का अनुभवी हो एवं सोशल मीडिया पेज हेन्डल कर सके। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9131155033, 9827180896 (39112)

आवश्यकता है-लॉण्ड्री शाप हेतु वाशर मैन, आयरन मैन, स्टोर मैनेजर एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु अनुभवी युवक चाहिए सम्पर्क- शॉप नं.14, सिटी सेन्टर, सत्या आटोमोबाइल के बाजू में बिलासपुर 9752760266, 9669300033 (39119)

आवश्यकता है-बिजी साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर युवती एवं माल जमाने, दिखाने तथा पैकिंग कार्य के लिए मेहनती लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- आर.के. बूट हाउस तेलीपारा बिलासपुर (39022)

आवश्यकता है-बिलासपुर के रियल एस्टेट कंपनी में जरूरत है, सेल्स मैनेजर फ्रेशर्स & अनुभवी लड़के, लड़कियों लग्जरी ऑफिस, बेस्ट सपोर्ट सिस्टम। सम्पर्क करें- 9770468361, 7987374690 (360)

आवश्यकता है-हाऊस कीपिंग के लिए स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हॉटल शिवनेरी, सीएमडी कॉलेज ग्राउंड के सामने लिंक रोड बिलासपुर 7776864202 (39109)

आवश्यकता है-किचन हेल्पर के लिए स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- हॉटल शिवनेरी, सीएमडी कॉलेज ग्राउंड के सामने लिंक रोड बिलासपुर 7776864202 (39110)

आवश्यकता है- मंगला निरवाना होम्स कॉलोनी में बगीचे की देखभाल के लिए एक अनुभवी और मेहनती फुल टाइम माली की आवश्यकता है। बढ़िया वेतन अनुभव अनुसार सम्पर्क करें- 7470628618 (39106)

आवश्यकता है- रायपुर पेट्रोल पंप पर नाईट ड्यूटी और रहने वाले लड़की को एक बैक ऑफिस एडवांस एक्सल मेल फीमेल और हाउस कीपिंग एक्सपर्ट की पार्ट टाइम सेल्स पर्सन शाम 5 से 11:30 संपर्क करें:- 8358914444 (363)

आवश्यकता है- क्लिनिक में काम करने के लिए लड़की की आवश्यकता है। पता- पुराना बस स्टैंड, राजीव प्लाजा के पास। सैलरी 4-5 हजार मो. 7880210386 (362)

## बेचना

बेचना है- (1) पेन्ड्रीडीह चौक से 3 किलोमीटर पर राइट साईड में आयशर शो रूम के बाजू में करतार मोटर के पास पेण्ड्रीडीह सकरी बाईपास रोड में है ग्राम अमसेना में 80 डिसमिल जमीन पर बना हुआ मकान और दुकान का विवरण (1) 1848 वर्गफुट 13×26 की 4 दुकान अन्दर और 4 दुकान के बीच में सिढ़ी है ग्रेनाईड पत्थर लगा हुआ (2) 1032 वर्गफुट में दुकान के सामने शेड बना हुआ है 12 फिट गहरा 66 फिट लम्बा (3) 3600 वर्गफुट में गार्डन है दुकान के पीछे (4) 1300 वर्गफुट आंगन टाइल्स लगा हुआ दुकान गार्डन आंगन के दोनों साइड 7 फुट की बाउंड्री वाल है (5) 3438 वर्गफुट में 3 ब्लॉक कनेक्टेड मकान 2 ब्लॉक 2 बेडरूम का 2 बेच का 1 ब्लॉक 1 बेडरूम 1 बेच मकान साथ में जुड़ा है 1 छत में (6) 5218 वर्गफुट फ्लोरिंग कॉन्क्रीट है शेड है (7) 748 वर्गफुट पोर्च बिल्डिंग लेन्टर है (8) 3056 वर्गफुट 50×50 का शेड हाइट 18 फुट (9) 377 वर्गफुट 3 स्टोर रूम 13×28 का (10) 14181 वर्गफुट ओपन एरिया 9 इंच कॉन्क्रीट हुआ है (11) 226 वर्गफुट ओपन एरिया से बाउंड्री वाल 15 फुट ऊंचाई का (12) 200 वर्गफुट बरामदा एण्ड टायलेट और जनरेटर मशीन साथ में 1 नया लोडर ट्रैक्टर रेती गिट्टी लोड करने के लिये 1 ट्रॉली ट्रैक्टर रेती गिट्टी ढोने के लिये 1 छोटा हाथी साथ में दुकान सेटअप जो कंडिशन में जमा हुआ है उसी कंडिशन का रेट है जो लेने के लिये इच्छुक हों सम्पर्क करें- 9425222750 (39134)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

बेचना है-रिंग रोड नं.-2 पन्ना नगर सांईबाबा हॉस्पिटल के पीछे 1318 वर्गफुट में बना 4BHK डुप्लेक्स मकान, बगल में 1250 वर्गफुट 40×31.25 खाली प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 9131168785, 9827186963, 8109712128 (39104)

बेचना है- वार्ड16 कुदुदण्ड पानी टंकी के सामने गली 1 डिसमिल में बना 2 मंजिला मकान नीचे 1कमरा, किचन, अटैच लेटबाथ, ऊपर 1हाल लेटबाथ 24घंटे पानी कीमत 15.51लाख सम्पर्क करे- 9753505350, 9522248786 (39136)

बेचना है- बिलासपुर प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2 BHK स्वतंत्र मकान बेचना है (फाइनेंस सुविधा उपलब्ध) संपर्क करें 6265041277, 8461997770 (364)

बेचना है-विकसित T&C अप्रूव्ड आवासीय कालोनी आर. के. रेसीडेन्सी तिफरा में दो स्वतंत्र मकान बेचना है कीमत 2BHK 45 लाख एवं 3BHK 80 लाख सम्पर्क करें- 9300989627 (39017)

बेचना है-बलराम टॉकीज रोड में स्टेट बैंक के पास ग्राउण्ड फ्लोर पर 10×12 एवं फर्स्ट फ्लोर की 10×12 (ऊपर, नीचे) की दुकान बेचना है। सम्पर्क करें- 9926127230 (39118)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# रोमांचक मुकाबले में मुसेट्टी ने मिनौर को हराया, 2 घंटे 47 मिनट चली प्रतिस्पर्धा




एजेंसी ▶▶| ट्यूरिन

एटीपी टूर फाइनल्स में लोरेंजो मुसेट्टी ने रोमांचक मुकाबले में एलेक्स डी मिनौर को 7-5, 3-6, 7-5 से शिकस्त दी। इसी के साथ मुसेट्टी ने एटीपी टूर फाइनल्स 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज की। यह मुकाबला 2 घंटे 47 मिनट तक चला। लोरेंजो मुसेट्टी ने पहला सेट 7-5 से अपने नाम कर लिया था, लेकिन दूसरे सेट में वह 3-6 से पिछड़ गए।

इसके बाद 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने उस समय अपनी चमक फिर से दिखाई जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। 4-3, 30/30 के स्कोर पर 31 शॉट की शानदार रैली में हारने के बाद मुसेट्टी ने नाटकीय अंदाज में वापसी की। उन्होंने तीसरा सेट 7-5 से जीतकर अपने सीजन की सबसे बड़ी जीत में से एक हासिल की। इसी के साथ मुसेट्टी ने जिमी कॉनर्स ग्रुप में 1-1 की बराबरी करते हुए क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को बरकरार रखा है।

### मुसेट्टी ने किया कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एटीपी टूर फाइनल्स में पहली बार प्रतिस्पर्धा करते हुए, मुसेट्टी ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर क्वालीफाई किया। वह मोंटे-कार्लो, चेंगदू और हाल ही में पिछले हफ्ते एथेंस में फाइनल में पहुंचे और इस सीजन में 45-21 का रिकॉर्ड बनाया। 2025 से पहले, इस इतालवी खिलाड़ी ने कभी भी एक साल में 40 से ज्यादा टूर-स्तरीय जीत दर्ज नहीं की थी। अब वह इस उपलब्धि को बहुत पीछे छोड़ चुके हैं। लोरेंजो मुसेट्टी गुरुवार को अपने तीसरे मैच में पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज से भिड़ेंगे।

कार्लोस ने टेलर को हराया



### शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंचे अल्काराज

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज अपने करियर में दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए हैं, जिसके लिए उन्हें अब केवल एक जीत की दरकार है। अल्काराज ने एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर फ्रिट्ज़ को 6-7 (2), 7-5, 6-3 से हराया। उन्हें अब यानिक सिनर की जगह साल के आखिर में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने के लिए या तो अपने ग्रुप के अंतिम मैच में लोरेंजो मुसेट्टी को हराना होगा या फिर सेमीफाइनल में जीत दर्ज करनी होगी। अल्काराज ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं इसके बारे में सोचने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। लेकिन नंबर एक रैंकिंग के बारे में नहीं सोचना वास्तव में बहुत मुश्किल है।' अल्काराज दुनिया के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी पहुंच गए हैं।

## खबर संक्षेप



### जूनियर विश्व कप की ट्रॉफी पहुंची लखनऊ

**लखनऊ।** तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की ट्रॉफी भारत भ्रमण के अपने एक पड़ाव में को लखनऊ पहुंची, जिसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा, 'लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत करना मेरे और प्रदेशवासियों के लिए आह्लादित करने वाला क्षण है।' जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत, चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड चिली, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीम हिस्सा लेंगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'उत्तर प्रदेश में इस ट्रॉफी का आना राज्य के स्वर्णिम इतिहास का स्मरण कराने वाला क्षण है। हॉकी में उत्तर प्रदेश का योगदान अविस्मरणीय है।' उन्होंने ने हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद ने उत्तर प्रदेश की धरती में जन्म लिया था। उनके नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफलता प्राप्त की थी।

### हम रच सकते हैं इतिहास : कॉनराड

**कोलकाता।** दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड को उम्मीद है कि केशव महाराज, सेनुरन मुथुस्वामी और साइमन हार्मर की उनकी स्पिन तिकड़ी भारत के अपने अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगी और उनकी टीम दो मैच की टेस्ट श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने में सफल रहेगी। उन्होंने इस श्रृंखला की तुलना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से की। कॉनराड ने कहा, 'क्या आपकी टीम में अच्छे स्पिनर होने से पूरे मुकाबले का रोमांच बढ़ जाता है। मेरा जवाब है हां। मुझे लगता है कि इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिलता है।' उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि अतीत में हमारे पास अच्छे स्पिनर नहीं थे, लेकिन हमें निश्चित रूप से लगता है कि अब केशव, साइमन और सेन के रूप में हमारे पास बेहतर स्पिनर हैं।

### पाकिस्तान में बढ़ाई गई श्रीलंकाई टीम की सुरक्षा



**रावलपिंडी।** इस्लामाबाद और वाना में हुए आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान के दौरे पर आई श्रीलंका की क्रिकेट टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उसके खिलाड़ियों के साथ सरकारी मेहमानों जैसा व्यवहार किया जाएगा। इस्लामाबाद में श्रीलंका के उच्चायुक्त एडमिरल (सेवानिवृत्त) फ्रेड सेनेविरत्ने, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी और सरकारी अधिकारियों के बीच हुई बैठक में सुरक्षा मुद्दे पर चर्चा की गई। सूत्रों ने बताया कि नकवी ने श्रीलंकाई टीम के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया। नकवी पाकिस्तान के गृहमंत्री भी हैं।

## कोलकाता के ईडन गार्डन में कल से पहला टेस्ट

# जुरेल को मिली टीम इंडिया में जगह, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेंगे मैदान पर

ध्रुव जुरेल ने पिछले हफ्ते बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में द.अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ए की ओर से खेलते हुए नाबाद 132 और नाबाद 127 रन की पारी खेली थी।




एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा कि शानदार फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलेंगे और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के बाहर बैठने की संभावना है। जुरेल ने अब तक सात टेस्ट मैच खेले हैं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने पिछले पांच प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतक लगाए हैं, जिसमें पिछले सप्ताह बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ दोनों पारियों में लगाए गए शतक भी शामिल हैं।

टेन डोएशे का भारतीय टीम के संयोजन को लेकर नजरिया बेहद स्पष्ट था और उन्होंने साफ किया कि जुरेल इस मैच में खेलेंगे। टेन डोएशे ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें टीम संयोजन का अच्छा अंदाजा हो गया है। मुझे नहीं लगता कि आप उन्हें (जुरेल और पंत) इस टेस्ट के लिए बाहर कर सकते हैं। मुझे बहुत आश्चर्य होगा यदि आप ध्रुव और ऋषभ को इस टेस्ट मैच में खेलते हुए नहीं देखें।' घरेलू सत्र की शुरुआत से लेकर अब तक जुरेल के स्कोर का क्रम 140, 1 और 56, 125, 44 और 6, 132 और नाबाद 127 रन रहा है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में अपने करियर का पहला टेस्ट शतक भी लगाया था और उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को देखकर उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। डोएशे ने कहा, 'पिछले छह महीनों में ध्रुव ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है और पिछले सप्ताह बेंगलुरु में (दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ) दो शतक लगाए हैं, उसे देखते हुए उनका इस मैच में खेलना तय है।'

### भारत-द.अफ्रीका रिकॉर्ड

1992 में साउथ अफ्रीका की वापसी के बाद दोनों देश 17 सीरीज खेल चुके हैं। इस दौरान ज्यादातर घरेलू टीम हावी रही है। साउथ अफ्रीका ने 8 और भारत ने 5 सीरीज जीतीं। दोनों के बीच 4 मैच ड्रॉ रहे। घर में साउथ अफ्रीका ने 9 में से 7 सीरीज जीतीं. दो ड्रॉ (2010-11, 2023-24)। वहीं भारत कभी नहीं जीता। इसके अलावा भारत ने घर में 8 में से 5 जीतीं। साउथ अफ्रीका को एकमात्र जीत 1999-2000 में मिली थी। पिछली भारत यात्रा के दौरान अफ्रीकी टीम को साल 2019 में 0-3 से हार मिली थी।

### दक्षिण अफ्रीका ने नेट्स पर जमकर किया अभ्यास



पाकिस्तान को रावलपिंडी में हराकर सीरीज बचाने वाली साउथ अफ्रीका टीम कोलकाता पहुंची गई है। अब सबकी नजर शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट पर है। नेट्स में खिलाड़ियों का पूरा जोर स्पिनर्स पर रहा और भारत का सामना करने जमकर पसीना बहाया। अफ्रीकी बैटर्स ने स्पिनर्स के खिलाफ अटैकिंग क्रिकेट खेला। चोट से उबरकर कप्तान टेम्बा बवुमा लौट आए हैं। जून में पहली बार डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी जिताने वाले कप्तान अब फिर कमान संभाल रहे हैं। पूरी टीम पहली बार साथ ट्रेनिंग कर रही थी। सबके चेहरे पर जोश साफ दिखा। नेट सेशन में सिर्फ एक ही प्लान था, स्पिन पर अटैक। बवुमा ने शॉर्ट थ्रो-डाउन लिए। चोट के बाद उनकी नजर और रिफ्लेक्स टेस्ट हो रहे थे। वहीं एडन मार्करम और रयान रिकेल्टन ने ओपनिंग की प्रैक्टिस की।

## आईसीसी रैंकिंग

# भारत वनडे और टी20 में दुनिया की नंबर 1 टीम

### अभिषेक और रोहित शीर्ष पर कायम, अक्षर को डबल फायदा




एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने इस हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी कर दी हैं। ज्यादातर नंबर 1 के स्थानों पर भारत का कब्जा बरकरार है। वनडे और टी20 में भारत दुनिया की नंबर एक टीम है। वहीं वनडे में रोहित शर्मा और टी20 में अभिषेक शर्मा नंबर 1 के स्थान पर कायम हैं।

तो टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती और टेस्ट में जसप्रीत बुमराह नंबर 1 पर बने हुए हैं। इसके अलावा रविंद्र जडेजा टेस्ट के नंबर 1 ऑलराउंडर हैं अक्षर पटेल को हालिया रैंकिंग में डबल फायदा हुआ है। अक्षर ने पिछले कुछ दिनों में बतौर ऑलराउंडर भी अपनी टीम इंडिया में खास छाप छोड़ी है। वह गेंदबाजी के साथ टीम इंडिया के लिए पिछले कुछ समय में बल्ले से भी कमाल करते नजर आए हैं। उनको ताजा रैंकिंग में गेंदबाजी और ऑलराउंडर दोनों की लिस्ट में फायदा मिला है।

### टी20 ऑलराउंडर्स में अक्षर को फायदा

अक्षर पटेल पिछले हफ्ते टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 17वें स्थान पर थे। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फायदा उन्हें मिला है और अब वह दुनिया के टॉप 15 गेंदबाजों की लिस्ट में 15वें स्थान पर आ गए हैं। जबकि कुलदीप यादव 15वें से 19वें स्थान पर लुढ़क गए हैं। इसके अलावा टी20 ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी अक्षर को फायदा मिला है। अक्षर पटेल अब टॉप 10 टी20 ऑलराउंडर्स की लिस्ट के करीब आ गए हैं। वह ताजा रैंकिग में 14वें से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि हार्दिक पंड्या,जो ऑस्ट्रेलिया सीरीज नहीं खेल पाए थे अब चौथे से पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। जबकि नंबर 1 टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को ऑलराउंडर्स की इस लिस्ट में 16वें से 17वें स्थान पर खिसकना पड़ेगा।

## क्रिकेट

# एल वोलवार्ट और सेनुरन बने अक्टूबर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी







एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अक्टूबर के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरुष खिलाड़ियों के नाम का ऐलान कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि दोनों अवॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने ही जीते हैं।

महिला वनडे विश्व कप 2025 में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाली एल. वोलवार्ट ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता जबकि दक्षिण अफ्रीका के ही स्पिन गेंदबाज सेनुरन मुथुस्वामी ने आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार अपने नाम किया। विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल. वोलवार्ट ने शानदार प्रदर्शन किया था और अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाया। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ प्लेयर अवॉर्ड से नवाजा गया। वोलवार्ट ने इस महीने में खेले कुल आठ वनडे मैचों में 97.91 के स्ट्राइक रेट से कुल 470 रन बनाए।

### नोमान और राशिद को पीछे छोड़ सेनुरन बने विजेता

आईसीसी ने अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में बाएं हाथ के स्पिनर सेनुरन मुथुस्वामी को चुना है। उन्होंने पाकिस्तान के नोमान अली और अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़कर यह अवॉर्ड जीता। मुथुस्वामी को दक्षिण अफ्रीका के पाकिस्तान दौरे के दौरान बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन के लिए यह अवॉर्ड मिला है। मुथुस्वामी ने कहा, 'आईसीसी द्वारा महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि यह टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन के आधार पर दिया गया है, एक ऐसा प्रारुप, जिसमें हर खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में मुथुस्वामी ने 106 रन बनाए और 11 विकेट लिए थे। इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।

# द.अफ्रीका के खिलाफ रोहित ने बनाए सर्वाधिक रन

### 2019 की टेस्ट सीरीज में छुआ था 500 रन का आंकड़ा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट इतिहास में अब तक 44 मैच खेले गए हैं, जिसमें कई रिकॉर्ड्स टूटे और कई रिकॉर्ड्स बने। क्या आप उस इकलौते खिलाड़ी के बारे में जानते हैं, जिसने भारत-साउथ अफ्रीका के बीच एक ही टेस्ट सीरीज में 500 रन के आंकड़े को छुआ?

यह एक भारतीय खिलाड़ी था। यह कारनामा रोहित शर्मा ने अक्टूबर 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली गई घरेलू टेस्ट सीरीज में किया था। इस पूरी सीरीज में रोहित ने तीन मुकाबलों की चार पारियों में 132.25 की औसत के साथ 529 रन बनाए। इस सीरीज में दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने चार पारियां खेलीं, जिसमें 3 शतक लगाए। इस सीरीज में रोहित शर्मा के बल्ले से 62 चौके और 19 छक्के निकले।

### विशाखापत्तनम में शर्मा ने दोनों पारियों में लगाए था शतक

सीरीज का पहला मैच विशाखापत्तनम में खेला गया था। पहली पारी में रोहित शर्मा ने 244 गेंदों का सामना करते हुए 6 छक्कों और 23 चौकों के साथ 176 रन बनाए। दूसरी पारी में उन्होंने 149 गेंदों में 127 रन बनाए। इस पारी में उनके बल्ले से 7 छक्के और 10 चौके निकले। भारत ने मैच 203 रन से अपने नाम किया। अगला मुकाबला पुणे में खेला गया, जिसमें भारत ने सिर्फ एक ही पारी खेली। रोहित ने इस दौरान 35 गेंदों में 1 चौके के साथ 14 रन बनाए। कप्तान विराट कोहली (254) और मयंक अग्रवाल (108) की शानदार पारियों के दम पर टीम इंडिया ने मुकाबला पारी और 137 रन से जीता था।

### रांची में सलामी बल्लेबाज ने खेली थी 212 रनों की पारी

सीरीज का तीसरा मुकाबला रांची में खेला गया। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने पहली पारी में बतौर सलामी बल्लेबाज 212 रन बनाए। उन्होंने 255 गेंदों की पारी में 6 छक्के और 28 चौके लगाए। भारत ने यह इनिंग 497/9 के स्कोर पर घोषित की। मुकाबले को पारी और 202 रन से अपने नाम करते हुए टीम इंडिया ने सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।






# जहां हर सर्दी में बरसती है बर्फ लांबासिंगी बना ठंड का स्वर्ग

नई दिल्ली। दक्षिण भारत का एक ऐसा गांव जहां गर्मी नहीं, बर्फ गिरती है! आंध्र प्रदेश का लांबासिंगी हर सर्दी में सफेद बर्फ की चादर ओढ़ लेता है। पहाड़ों पर जमी बर्फ, सिहरन भरी ठंड और कश्मीर जैसा नजारा। ये सब देखने को मिलता है यहीं, दक्षिण भारत के 'मिनी कश्मीर' में।लांबासिंगी वह अनूठा और एकमात्र स्थान है जो दक्षिण भारत में खासी ठंड के कारण बर्फबारी का अनुभव प्रदान करता है। जब दक्षिण के अधिकांश हिस्से हल्की सर्दियां बिता रहे होते हैं, लांबासिंगी की पहाड़ियां सफेद चादर ओढ़ लेती हैं एक सर्दियों का स्वर्ग लांबासिंगी आंध्र प्रदेश के अनामलय पहाड़ियों में स्थित एक छोटा सा गांव है, जो समुद्र तल से लगभग 1,000 मीटर यानी 3,300 फीट की ऊंचाई पर बसा हुआ है। यह अपने आप में एक आश्चर्य है, क्योंकि यह ऊंचाई आमतौर पर भारी बर्फबारी के लिए पर्याप्त नहीं मानी जाती। रहस्य यहां के अनोखे माइक्रोक्लाइमेट में छिपा है।

### क्यों पड़ती है यहाँ बर्फ?

हालांकि 1000 मीटर कम लग सकता है, लेकिन दक्षिण भारत के संदर्भ में यह एक महत्वपूर्ण ऊंचाई है जो तापमान को गिरने में मदद करती है। यह गांव एक घाटी में बसा है जो ठंडी हवाओं को इकट्ठा करने का काम करती है।


### ठंडी हवाओं का प्रवाह

सर्दियों के महीनों यानी दिसंबर जनवरी में उत्तर-पूर्वी मानसून की ठंडी हवाएं इस क्षेत्र से गुजरती हैं। घाटी में फंसकर ये हवाएं नमी को संघनित करती हैं और तापमान को 0C तक या उससे नीचे ले जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप पाला और हल्की बर्फबारी होती है।



### लांबासिंगी के आकर्षण

बर्फबारी का दुर्लभ नजारा यही इसका सबसे बड़ा आकर्षण है। सर्दियों की सुबह, पेड़ों, जमीन और छतों पर जमी सफेद बर्फ की परत एक जादुई दृश्य पैदा करती है। हैदराबाद जैसे व्यस्त शहरों के निवासियों के लिए यहां की शांति और शुद्ध हवा एक वरदान है। ट्रेकिंग और एडवेंचर के लिए आसपास के पहाड़ी रास्ते ट्रेकिंग और प्रकृति भ्रमण के शौकीनों के लिए आदर्श हैं।



### मिनी कश्मीर का अनुभव


लांबासिंगी को यह उपनाम स्थानीय लोगों और पर्यटकों द्वारा दिया गया है, जो इसकी सर्दियों में बर्फ से ढकी वादियों और ठंडे मौसम की वजह से उत्तरी भारत के कश्मीर से की गई तुलना को दर्शाता है। यह हैदराबाद और तेलंगाना व आंध्र प्रदेश के आसपास के इलाकों के लोगों के लिए एक मिनी कश्मीर का अनुभव प्रदान करता है।

## नासा का बड़ा खुलासा...

# मंगल ग्रह पर मिले जीवन के तीन सबसे बड़े सबूत

### पर्सिवियरेंस रोवर ने खोजा धरती जैसा माहौल

**वॉशिंगटन।** नासा के पर्सिवियरेंस रोवर को मंगल ग्रह पर पानी होने के नए और महत्वपूर्ण सबूत मिले हैं। इन खोजों से पता चलता है कि जेजेरो क्रेटर में पानी की गतिविधियां कई बार हुईं थीं। इसका मतलब है कि मंगल ग्रह पर पुराने समय में अलग-अलग समय पर जीवन के लिए सही वातावरण रहा होगा। उन्नत खनिज जांच का इस्तेमाल करके वैज्ञानिकों ने पानी की बदलती स्थितियों की एक ऐसी कहानी बनाई है जो छोटे जीवों को जन्म दे सकती थी। वैज्ञानिकों ने 24 अलग-अलग खनिजों को पहचाना जिससे मंगल ग्रह के रासायनिक विकास का पता चला।



### किस तकनीक से की गई खोज?

ये नतीजे जर्नल ऑफ जियोफिजिकल रिसर्च प्लैनेट्स नाम के शोधपत्र में छपे हैं, जो ये मंगल ग्रह के बदलते स्वभाव के बारे में नई जनकारी देते हैं। परसेवेरेंस रोवर अपने मिशन के तहत जेजेरो क्रेटर का अध्ययन कर रहा है। वहां की खनिज भंडारों की जांच के लिए वैज्ञानिकों ने एमआईएसटी नाम की एक आधुनिक विश्लेषण तकनीक का इस्तेमाल किया। यह तकनीक रोवर के पीआईएक्सएल डिवाइस से मिले एक्स-रे डेटा के साथ काम करती है।




### किसने किया ये शोध?

राइस यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट एलेनोर मोरलैंड ने बताया कि जेजेरो क्रेटर में मिले खनिज यह बताते हैं कि वहां समय के साथ तरल पानी के कई अलग-अलग दौर थे। हर दौर में पानी का रासायनिक मिश्रण और तापमान अलग था, जिसने खनिजों के बनने के तरीके को प्रभावित किया। इन नतीजों से पता चलता है कि जेजेरो क्रेटर में पानी की हलचल सिर्फ एक बार नहीं हुई बल्कि कई चारणों में हुई।

### खोज से क्या नतीजे निकले?

ऐसे खनिज आमतौर पर वहां बनते हैं जहां पानी का पीएच स्तर संतुलित होता है यानी यह दौर पहले वाले दौर से जीवन के लिए ज्यादा अच्छा था। जेजेरो क्रेटर में पानी की हलचल का आखिरी दौर जीवन की संभावना के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इस समय पानी ठंडा और क्षारीय था, जो पृथ्वी के जीवन-योग्य माहौल जैसा था। सेपियोलाइट नामक एक खनिज इसी दौर में बना, जो आमतौर पर पृथ्वी के क्षारीय वातावरण में मिलता है।

## यहां मौजूद है 'अमृत का कुआं', एक बूंद से ठीक हो जाती हैं बीमारियां



**वेलिंगटन।** क्या आप चमत्कार में विश्वास करते हैं? क्या आपको लगता है कि कोई ऐसी ताकत मौजूद है जो लोगों को उनकी बीमारियों और परेशनियों से बचा सकती है? दुनिया में जहां कुछ लोग नास्तिक हैं तो कई आस्तिक भी हैं। कई बारे ऐसी स्थिति हो जाती है जब किसी बीमारी के इलाज में डॉक्टर्स भी जवाब दे देते हैं। कोई भी दवा काम नहीं आती। वैसी स्थिति में कोई खास मंदिर, किसी खास जगह पर अपनी फ़रियाद और दुःख लेकर गए लोग ठीक होकर वापस लौटते हैं। ऐसी ही एक जगह इन दिनों चर्चा में है। ये है नॉर्दर्न आइलैंड में स्थित तीन कुएं। इस देश के लोगों के अलावा दूर दूर से भी कई लोग इस कुएं का जादुई पानी पीने आते हैं। माना जाता है कि ये कुआं चमत्कारिक ताकतों से भरा हुआ है। नार्थ आयरलैंड के पोर्टफेरी के पास ये तीन कुएं कई सदियों से मौजूद हैं। हर किसी का पानी अलग-अलग तरह के चमत्कार करने के लिए जाना जाता है। कहा जाता है कि एक संत ने अपनी शक्तियां इन कुओं के अंदर डालकर इसके पानी को अमृत बना दिया था। जो भी इसके पानी का सेवन करता है, उसके सारे दुःख हर लिए जाते हैं।

### पूजते हैं लोग

इन कुओं का नाम संत कुएं के नाम पर रखा गया है। सातवीं सदी से ही ये कई लोगों की आस्था का केंद्र है। ये कुआं कब से मौजूद है, इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन जब से आसपास के लोगों को याद है, तब से इसका पानी चमत्कारिक माना गया है। इस कुएं के ऊपर पत्थर पर कई तरह की जानकारी दी गई है, जिसमें ये बताया गया है कि आसपास ही कई संतों की समाधि स्थल है। कहा जाता है कि संत कुएं ने इन कुओं के पास कई चमत्कार किये थे और कई लोगों को मुक्ति दिलाई थी।

## कोमा से जगाने के लिए मां ने बेटी को 10 साल तक नचाया और हो गया चमत्कार


**बीजिंग।** 10 साल पहले एक लड़की गंभीर रूप से बीमार पड़ने के बाद कोमा में चली गई। डॉक्टरों ने साफ कह दिया कि उसके होश में आने के चांसेस न के बराबर हैं। यहां तक कि घरवालों को इलाज बंद करने का सुझाव दे दिया। लेकिन, एक मां के दिल ने हार मानने से इनकार कर दिया, और फिर वो चमत्कार हुआ जिसके बारे में जानकर अब पूरी दुनिया हैरान है। यह कहानी है चीन के हुनान प्रांत की 59 वर्षीय मां शियाओ जुएफेई और उनकी बेटी यांग फांग की। अस्पताल की भारी निराशा के बीच शियाओ को डॉक्टरों ने सुझाया कि शायद म्यूजिक और डांस ही उनकी बेटी को ठीक कर पाए। उससे दिमाग की नसें एक्टिव हो सकती हैं। फिर क्या था। शियाओ ने इसे एक मिशन बना लिया, और हथियार के रूप में जोरदार म्यूजिक और बीट्स वाला स्क्वायर डांस चुना, जो चीन में मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं का सबसे पसंदीदा है। पिछले एक दशक से शियाओ अपनी बेटी को व्हीलचेयर पर लेकर हर दिन पास के पार्क में जाती रहीं। वह खुद आंटियों के साथ थिरकतीं और यांग को भी स्क्वायर डांस की धुन पर झुलाती रहीं। यह केवल एक्सरसाइज नहीं था, बल्कि एक मां का अपनी बेटी को वापस लाने का भावनात्मक प्रयास था। क्योंकि, हर बीट उनके लिए आशा थी, हर ताल प्रार्थना। एक रिपोर्ट के अनुसार, शियाओ ने पूरे 10 साल डांस थेरैपी जारी रखी और फिर वो हुआ, जिसे अस्पताल अब 'चमत्कार' बता रहा है। कोमा में 10 साल बिताने के बाद यांग होश में आ गईं। उनका पहला वाक्य था, आप एक अच्छी इंसान हैं। आज यांग न सिर्फ चल सकती हैं, बोल सकती हैं, बल्कि अपनी देखभाल भी खुद कर सकती हैं। हालांकि, उनकी सोचने-समझने की क्षमता सीमित है, पर मां के लिए बेटी का कोमा से बाहर आना सबसे बड़ा इनाम है।




## 109 साल से सुलग रही है धरती!

**रांची।** झारखंड का झरिया कोयला क्षेत्र बीते 100 से ज्यादा सालों से लगातार सुलग रहा है। धनबाद के अंदर आने वाले इस क्षेत्र की धरती से आग निकलने की वजह आपको दंग कर देगी। यह आग जमीन का सीना चीरकर बाहर आती है, इंसानों, जानवरों और पेड़-पौधों को धीरे-धीरे खत्म कर रही है। यहां के लगभग 4.5 लाख लोग हर पल मौत के साए में जीने को मजबूर हैं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com